हरिभूमि
# रायपुर भूमि



छात्र संग शिक्षक भी करते हैं पानी बाहर करने में मदद, फिर छाता तानकर करते हैं पढ़ाई



सावन के पहले आषाढ़ में ही लगी झड़ी ने छात्रों और शिक्षकों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। राजधानी में तो स्कूलों के सिर्फ खेल मैदान ही डूबे हैं, अन्य जिलों में पूरी कक्षा ही डूब गई है। हालात ये हैं कि छात्रों के साथ-साथ शिक्षक भी अपने साथ बाल्टी-मग लेकर पहुंच रहे हैं। वे वक्त से पहले स्कूल पहुंच रहे हैं ताकि कमरों का पानी निकाल सकें।

## जानकारी मंगाते हैं केवल टूटे कक्ष की, मैदान को कोई पूछता नहीं, इस कारण ही तालाब बन गए स्कूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शिक्षक और छात्र एक साथ मिलकर पहले पानी बाहर करते हैं फिर पढ़ाई करने की तैयारी करते हैं। इसके लिए वे पहले कक्षा की ऐसी जगह ढूंढते हैं जहां भराव थोड़ा कम हो और खड़ा रहा जा सके। इसके बाद छाता तानकर पढ़ाई शुरू करते हैं। ये नजारा है शासकीय प्राथमिक शाला फंदवानीकापा जिला मुंगेली का। ना सिर्फ मुंगेजी बल्कि शासकीय प्राथमिक शाला

### कॉपी-किताब के साथ बाल्टी-मग लेकर पहुंच रहे विद्यार्थी, पढ़ाई से पहले निकालते हैं कमरे का पानी

बनियातोरा करेली बड़ी, धमतरी व रायपुर जिले के अन्य हिस्सों में भी इस तरह के नजारे देखने को मिले, जहां ऑफिस सहित क्लास रुम एवं किचन में पानी भर गया। रायपुर में भी ऐसे आधा दर्जन स्कूल हैं, जहां पानी भरा हुआ है। बुधवार को भी विद्यार्थी यहां मुश्किल से अपनी कक्षा तक ▶▶| शेष पेज 16 पर





### फोकस सिर्फ कक्ष में

*लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा प्रतिवर्ष मरम्मत योग्य भवनों की जानकारी मांगी जाती है। इसमें नवीन कक्ष की आवश्यकता से लेकर पूर्व निर्मित कक्षों की मरम्मत संबंधित कॉलम भी होते हैं। निर्माण कार्य के लिए मिलने वाली अधिकतर राशि भवन निर्माण अथवा पुराने कक्ष के मरम्मत में ही खर्च कर दी जाती है। मैदानों की जानकारी ना तो मांगी जाती है और ना ही स्कूलों द्वारा ही इसे लेकर कोई प्रस्ताव भेजा जाता है। इस कारण शुरुआती बारिश में ही जलभराव की स्थिति निर्मित हो जाती है। मैदानों की संरचना दुरस्त होने पर ही राजधानी के स्कूल इस भराव से मुक्ति पा सकेंगे।*

### ये सामान्य तस्वीर

*बारिश के दिनों में इस तरह की तस्वीरें सामान्य हो चुकी हैं। हम शिक्षक पढ़ाएं या पानी बाहर निकालें, समझ नहीं आ रहा।*

*- संजय शर्मा, अध्यक्ष, शिक्षक संघ*

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री ने गुरु पूर्णिमा की दी शुभकामनाएं



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेशवासियों को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, भारतीय संस्कृति में गुरु को सर्वोच्च स्थान प्रदान किया गया है। आषाढ़ पूर्णिमा के दिन भारत में गुरु पूर्णिमा मनाने की परंपरा है। यह दिन गुरु के अमूल्य ज्ञान, मार्गदर्शन और उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का विशेष अवसर होता है।

### शार्ट सर्किट से जिम में लगी आग

**रायपुर।** बुधवार को तड़के तेलीबांधा मरीन ड्राइव स्थित गोल्ड जिम में सुबह-सुबह आग लग गई। उस इलाके में टहलने पहुंचे लोगों ने वाटर फ्रंट कांप्लेक्स की ऊपरी मंजिल स्थित जिम से आग की लपटें निकलती देख इसकी सूचना दमकल कार्यालय में दी। सूचना पर पहुंची टीम ने काफी कोशिश के बाद आग पर काबू पा लिया। आगजनी में जिम में रखे काफी सामान के खराब होने की आशंका है। आगजनी की वजह स्पष्ट तौर पर सामने नहीं आ पाई है, मगर प्रारंभिक चरण में इसकी वजह शार्ट सर्किट को माना गया है। घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है, मगर आग को काबू पाने के लिए राहत टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

### नाबालिग को बहलाने वाला शाहरुख गिरफ्तार

**रायपुर।** नाबालिग को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी शेख शाहरुख को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ पाक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए आरोपी को बंदी बनाया है। उसे बुधवार को न्यायालय में पेशकर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। तेलीबांधा पुलिस ने भी ऐसे ही मामले में समीर राणा नामक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

### गाली-गलौज का विरोध करने पर पिटाई

रायपुर। घर के सामने गाली-गलौज का विरोध करने पर महिला की पिटाई कर दी गई। महिला ने सिविल लाइंस थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि आरोपी जगमोहन ने लकड़ी के पटिया से उसे बुरी तरह पीटा। प्रार्थी और आरोपी कुंदरापारा में रहते हैं और उनके बीच पिछले कुछ समय से विवाद चला आ रहा है, जिसे लेकर वह कल शराब के नशे में धुत्त होकर गाली गलौज कर रहा था। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### पुरानी रंजिश पर युवक की पिटाई

रायपुर। संतोषी नगर के सीरत मैदान के समीप रहने वाले शेख समीर नामक युवक की पुरानी रंजिश पर कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। समीर का रिज्जू और दिलावर खान से किसी बात को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। आज सुबह संतोषी नगर में वे आमने-सामने हो गए और दोनों आरोपियों ने उसकी जमकर पिटाई कर दी। टिकरापारा थाने की पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### 2300 पन्नों के मुख्य चालान के बाद एक और अनुपूरक चालान भी पेश

# 2174 करोड़ का शराब घोटाला, 22 आबकारी अधिकारियों पर गिर सकती है निलंबन की गाज

*2174 करोड़ के बहुचर्चित शराब घोटाले में आरोपी बनाए गए आबकारी अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई किए जाने की संभावना है। विभागीय स्तर पर दोषी बनाए गए इन आरोपियों पर निलंबन की गाज गिर सकती है। मामला न्यायालय तक पहुंचने से पहले सात अफसर रिटायर हो चुके हैं, इसलिए उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई नहीं की जाएगी। ईओडब्लू ने इस मामले में 2300 पन्नों का भारी-भरकम चालान पेश किया है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

राज्य के इस बड़े घोटाले का खुलासा करने के बाद ईओडब्लू की टीम ने इस मामले में चतुर्थ पूरक चालान बुधवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया है, जिसे 5 जुलाई को विशेष न्यायाधीश के अवकाश पर होने की वजह से प्रस्तुत नहीं किया जा सका था। गिरफ्तारी के डर से ईओडब्लू द्वारा जारी समन के बावजूद न्यायालय में पेश नहीं होने पर सभी 29 आरोपियों को 20 अगस्त तक मोहलत दी गई है। ईओडब्लू द्वारा की जा रही जांच में अब तक यह तथ्य सामने आया है कि पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के संरक्षण में यहां सुनियोजित घोटाले को अंजाम दिया गया है। इससे प्राप्त राशि को आरोपियों ने अपने व्यक्तिगत और पारिवारिक हितों में खर्च किया है।

इस मामले में अब तक 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस मामले में साक्ष्यों के आधार पर यह आशंका जताई गई है कि 60,50,950 पेटी बी-पार्ट शराब की अवैध बिक्री हुई है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार घोटाले की कुल राशि 3200 करोड़ रुपये से अधिक हो सकती है। बी-पार्ट शराब की बिक्री यानी शासकीय दुकानों के सामानांतर रूप से अवैध बिक्री है। बस्तर और सरगुजा संभाग को छोड़कर चयनित जिलों में अधिक खपत वाली देसी शराब दुकानों को डिस्टलरी से सीधे अतिरिक्त अवैध शराब भेजी जाती थी, जिसे वैध शराब के साथ समानांतर बेचा जाता था। इस प्रकरण में अब तक अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी, कवासी लखमा, विजय भाटिया सहित 13 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है और एफआईआर में 70 आरोपी नामजद हैं।



21.74 अरब के घोटाले में 29 आबकारी अफसरों के खिलाफ चालान, हर माह दुर्ग भेजे जाते थे 20 करोड़

सिंडिकेट बनाकर किया घोटाला, नेता और अफसरों में बंटी रकम

इन अफसरों के खिलाफ कोर्ट में चालान

32 सौ करोड़ के घोटाले का अनुमान

इन जिलों में खपाई अवैध शराब

### इनका हो सकता है निलंबन

आबकारी घोटाले में जिला आबकारी अधिकारी जनार्दन कौरव, उपायुक्त आबकारी अनिमेष नेताम, विजय सेन शर्मा, अरविंद कुमार पाटले, सहायक आयुक्त आबकारी प्रमोद कुमार नेताम, रामकृष्ण मिश्रा, विकास कुमार गोस्वामी, नवीन प्रताप सिंग तोमर, मंजुश्री कसेर, सौरभ बख्शी, दिनकर वासनिक,सोनल नेताम, प्रकाश पाल, अलेख राम सिदार, आशीष कोसम, राजेश जायसवाल, जिला आबकारी अधिकारी इकबाल खान, नितिन खंडुजा, मोहित कुमार जायसवाल, गरीबपाल सिंह दर्दी, उपायुक्त आबकारी नीतू नोतानी ठाकुर,नोहर सिंह ठाकुर को निलंबित किया जाएगा।

### कस्टम मिलिंग घोटाला, अनिल टूटेजा और अनवर गिरफ्तार 14 तक होगी पूछताछ

*बड़े घोटालों में से कस्टम मिलिंग घोटाले में ईओडब्लू की टीम ने अनवर ढेबर और अनिल टूटेजा को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों शराब घोटाले में पहले से ही जेल में बंद थे। प्रोटक्शन वारंट के जरिए उन्हें विशेष अदालत में पेशकर पूछताछ के लिए 14 जुलाई तक रिमांड पर लिया गया है।*

**शराब घोटाले में जेल में बंद थे प्रोटक्शन वारंट में पेश कर की गई गिरफ्तारी**

*140 करोड़ के कस्टम मिलिंग घोटाले की जांच आर्थिक अपराध एवं अंवेषण ब्यूरो कर रही है। इस मामले में जांच टीम द्वारा बड़ी कार्रवाई करते हुए अनिल टूटेजा और अनवर ढेबर को घोटाले में संलिप्तता और राइस मिलरों से वसूली के आरोप में 11 (13 (1) (क) 13 (2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम एवं धारा 102 बी, 384 एवं 409 भादवि के तहत गिरफ्तार किया है। इस बीच टूटेजा द्वारा कोर्ट के समक्ष अपनी गिरफ्तारी को साजिश का हिस्सा बताया गया। उन्होंने कहा कि जिस एफआईआर क्रमांक 01/2024 के तहत उन्हें गिरफ्तार किया गया है, वह 16 जनवरी 2024 को दर्ज की गई थी और इससे जुड़ी जांच को 18 महीने बीत चुके हैं। इसके बावजूद, उन्हें अब तक इस मामले में न तो बुलाया गया और न ही उनसे कोई पूछताछ की गई। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि जब कस्टम मिलिंग का यह कथित घोटाला हुआ, उन दिनों वे खाद्य विभाग में पदस्थ ही* ▶▶| शेष पेज 16 पर

## हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को रिटायरमेंट के बाद मिलेंगे 65 हजार रुपए महीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट से सेवानिवृत्त होने वाले मुख्य न्यायाधीश को हर महीने 65 हजार रुपए और न्यायाधीश को 60 हजार रुपए भत्ते के रूप में मिलेंगे। इस संबंध में विधि एवं विधायी विभाग ने अधिसूचित किया है। अधिसूचना के मुताबिक सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश को सचिवालय भत्ते के रूप में 36 हजार, अर्दली भत्ता 24 हजार रुपए महीना, दूरभाष भत्ता प्रतिमाह 5 हजार रुपए के हिसाब से कुल 65 हजार रुपए दिए जाएंगे। इसी तरह सेवानिवृत्त न्यायाधीश को माह में 60 हजार रुपए मिलेंगे। इन सुविधाओं में हर साल पांच प्रतिशत की वृद्धि होगी।

**ये हैं शर्तें** ये सुविधाएं सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश, न्यायाधीश के मृत्योपरांत पत्नी, पति, जो किसी अन्य उच्च न्यायालय से ये सुविधाएं प्राप्त कर रहे हैं, उन्हें ही मिलेंगी। ये सुविधाएं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के उन्ही सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश, न्यायाधीश के लिए मान्य होगी जो सेवानिवृत्ति की तिथि पर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में कार्यरत रहे हों और सेवानिवृत्ति के बाद किसी न्यायालय, न्यायाधिकरण, आयोग या पारिश्रमिक वाले किसी अन्य पद पर कार्यरत न हों।

### ट्रक की ठोकर से महिला की मौत




**रायपुर।** देवपुरी इलाके में लापरवाह ट्रक चालक की वजह से एक महिला की मौत हो गई। महिला अपने भतीजे के साथ बाइक में सवार होकर जा रही थी। ट्रक ने उसकी बाइक को पीछे से ठोका, जिससे वह गिर पड़ी और उसकी जान चली गई। सूचना पर टिकरापारा थाने की पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। इस मामले में ट्रक के नंबर के आधार पर उसकी पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

### शहर में सिर्फ 9 सरकारी केन्द्र का विकल्प

## 15 से बंद होंगी च्वाइस सेंटरों में आधार सेवाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

15 जुलाई से रायपुर के च्वाइस सेंटरों में आधार सेवाएं बंद होंगी, पूरी व्यवस्था चिप्स के हवाले होगी। रायपुर सहित प्रदेशभर में आधार कार्ड बनवाने उसे अपडेट करने की प्रक्रिया में 15 जुलाई से बड़ा बदलाव लागू होने जा रहा है। केन्द्र व राज्य सरकार के निर्देशों के तहत अब नए आधारकार्ड बनवाना हो या उसमें किसी तरह का संशोधन करवाना हो, तो यह कार्य सरकारी लोक सेवा केन्द्रों में होगा। रायपुर शहर में सिर्फ 9 सरकारी केन्द्र का विकल्प आम आदमी को मिलेगा। दरअसल, वर्तमान में रायपुर शहर में 44 से अधिक च्वाइस सेंटर हैं, जहां नागरिक सुविधा अनुसार जाकर आधार सेवाएं प्राप्त कर रहे हैं, लेकिन 15 जुलाई से च्वाइस सेंटरों में सेवाएं बंद होने से केवल राजधानी के कलेक्टोरेट, निगम मुख्यालय सहित 9 सरकारी केन्द्र में आधार कार्ड बनेगा। इसके अतिरिक्त राजधानी के पंडरी स्थित श्याम प्लाजा में एक निजी कंपनी को सेवाएं देने की अनुमति है, पर वहां पर सेवा शुल्क देना होगा।

### जनता की बढ़ सकती है परेशानी

सरकारी केन्द्रों की संख्या सीमित होने से आम नागरिकों को लंबी दूरी तय करनी होगी। गिने चुने सरकारी सेंटर में भीड़ ज्यादा होने से इंतजार करने की स्थिति आ सकती है। यही नहीं, बार-बार दस्तावेज लेकर लौटना पड़ सकता है। खासकर दूरदराज के इलाके में रहने वाले या रोजमर्रा की नौकरी करने वालों की मुसीबतें बढ़ जाएंगी।

### च्वाइस सेंटर संचालक नाखुश, व्यवस्था चिप्स के जिम्मे

सूत्रों के मुताबिक पहले आधारकार्ड में एक निश्चित कमीशन मिलता था, जिससे सेंटर का खर्च, स्टाफ का वेतन, किराये का खर्च पूरे होते थे। अब काम खत्म होने से सेंटर चलाना मुश्किल होगा। हालांकि चिप्स की ओर से संचालकों को सरकारी केन्द्रों में शिफ्ट होने का विकल्प दिया गया है, लेकिन कमीशन घटाकर 75 रुपये कर दिये जाने से अधिकतर च्वाइस सेंटर संचालक रुचि नहीं दिखा रहे। पहले यह जिम्मा एनआईसी हैदराबाद के पास था। अब आईडी एलामेंट, ब्लाकिंग, सर्वर समस्या और तकनीकी फाल्ट में सुधार चिप्स करेगा।

## रायगढ़ में सर्वाधिक और बेमेतरा में सबसे कम बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 336.3 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक रायगढ़ जिले में सर्वाधिक 473.5 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 153 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।

मई से सक्रिय हुए मानसून से जून में 17 प्रतिशत कम बारिश हुई थी। जुलाई के शुरुआती सप्ताह में हुई बारिश से इसमें सुधार आया। लगातार हो रही बारिश से महानदी और शिवनाथ नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी हुई है। गंगरेल, मोंगरा बैराज से पानी नदी में छोड़ा जा रहा है। धमतरी, कांकेर, भानुप्रतापपुर, दुर्ग, रायपुर, सहित प्रदेश के कई अन्य जिलों में लगातार बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। नदियों का जल स्तर बढ़ने से आने वाले दिनों में 12 जिलों में बाढ़ का अलर्ट जारी किया गया है। नदी किनारे के गांव ▶▶| शेष पेज 16 पर

### दुर्ग संभाग में अंबागढ़ चौकी में सबसे अधिक बारिश

दुर्ग जिले में 272.7 मिमी, कबीरधाम में 231 मिमी, राजनांदगांव में 250.5 मिमी, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 466.9 मिमी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 238.4 मिमी, बालोद में 316.0 मिमी और बस्तर जिले में 436.6 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड हुई है। कोंडागांव में 262.4 मिमी, कांकेर में 359.2 मिमी, नारायणपुर में 314.0 मिमी, दंतेवाड़ा में 394.7 मिमी, सुकमा में 204.2 मिमी और बीजापुर में 429.4 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है।

## सीजीएमएससी का कमाल, इस बार मरीजों की सर्जरी के लिए भेज दिया जंग लगा सर्जिकल ब्लेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर



कमीशनखोरी के बड़े आरोपों से घिरे सीजीएमएससी द्वारा की जाने दवा और उपकरणों की सप्लाई मरीजों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है। इस बार महासमुंद मेडिकल कालेज के हास्पिटल में जंग लगी सर्जिकल ब्लेड की सप्लाई कर दी गई। सर्जरी के लिए खोले गए पैकेट से जंग लगी ब्लेड एवं घटिया ग्लब्स निकलने पर स्टाफ ने प्रबंधन और उनकी ओर से दवा निगम सीजीएमएससी के जिम्मेदारों से यह शिकायत की है।

सीजीएमएससी द्वारा सरकारी अस्पतालों को भेजे जाने वाले सामान के अमानक और घटिया निकलने की शिकायत लगातार सामने आ रही है। सबसे पहले प्रेग्नेंसी डायग्नोस्टिक किट, फिर ग्लूकोज की ड्रिप चढ़ाने वाली किट और फिर मिर्गी के झटके रोकने के लिए उपयोग की जाने वाली दवा के अमानक होने की बात सामने आई थी। इस बार मरीजों की सर्जरी के लिए उपयोग में आने वाले सर्जिकल ब्लेड में ही जंग लगने की शिकायत मिली है। महासमुंद अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी डॉ. बसंत माहेश्वरी ने बताया कि ओटी इंचार्ज द्वारा यह शिकायत की गई थी कि उपयोग में लाए जाने वाले ब्लेड में जंग लगी है और उसकी पैकिंग भी ठीक ढंग से नहीं हुई है। इसके उपयोग से मरीजों को सेप्टिक होने का खतरा है, इसलिए इसका उपयोग नहीं किया जा सकता। प्रबंधन ने इस शिकायत पर गंभीरता दिखाई ।

### ग्लूकोज में मिल चुकी शिकायत

इसके पूर्व आंबेडकर अस्पताल में मरीजों को चढ़ाए जाने वाले ग्लूकोज से साइड इफेक्ट आने की शिकायत भी हुई थी। मरीजों के बाद संबंधित विभाग ने अस्पताल प्रबंधन को इस बारे में चेताया था और ग्लूकोज को रिप्लेस कराया गया था। लगातार मिलने वाली शिकायत के बाद दवा कार्पोरेशन से अनुबंधित कंपनियों की सप्लाई और उनकी क्वालिटी पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं।


### बदला गया एक अधिकारी

दवा निगम में कार्यरत उपमहाप्रबंधक स्तर के अधिकारी को कुछ समय पहले उनके मूल विभाग में वापस भेज दिया गया है। अफसर पर कुछ विशेष कंपनियों को बढ़ावा देने का आरोप लग रहा था। दवा निगम इसके पूर्व ही 660 करोड़ के बड़े घोटाले से घिरा हुआ है। इस मामले में आधा दर्जन अधिकारियों को गिरफ्तार किया जा चुका है और ईओडब्लू की जांच जारी है।

## तेंदूपत्ता बोनस घोटाला, समिति प्रबंधक ईओडब्लू की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

तेंदूपत्ता संग्राहकों को वितरित करने मिले 7 करोड़ रुपये की बंदरबाट करने के मामले में ईओडब्लू की टीम ने 13वीं गिरफ्तारी की है। इस बार फुलबगड़ी के समिति प्रबंधक राजशेखर पुराणिक को गिरफ्तार किया गया है। इस घोटाले को तत्कालीन वनमंडल अधिकारी अशोक कुमार पटेल ने अपने साथियों के साथ मिलकर अंजाम दिया था। वर्ष 2021-22 में तत्कालीन वनमंडलाधिकारी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए तेंदूपत्ता प्रोत्साहन पारिश्रमिक में संग्राहकों को दी जाने वाली राशि 7 करोड़ का गोलमाल किया था। इस मामले में साक्ष्य पाए जाने पर ईओडब्ल्यू ने आरोपी राजशेखर पुराणिक, समिति प्रबंधक प्राथमिक लघुवनोपज सहकारी समिति फुलबगड़ी एवं पर्यवेक्षक प्रबंध संचालक ▶▶| शेष पेज 16 पर



## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप



### बच्चों को दिया गया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

आरंग। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुजरा के शाला विकास समिति अध्यक्ष चंद्रशेखर बघेल के पहल पर आरंग युवा एवं खेल संगठन द्वारा विद्यार्थियों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया गया। आरंग युवा एवं खेल संगठन अध्यक्ष अमन साहू ने बताया कि संगठन के योजनाओं के तहत पूरे आरंग विधानसभा में खेल को बढ़ावा देने का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत गुजरा में भी विभिन्न खेलो के रेगुलर अभ्यास के लिए शाला समिति अध्यक्ष चंद्रशेखर बघेल और प्रभारी प्राचार्य भानु प्रताप डहरिया से खेल संबंधित चर्चाएं किया गया।

## निधन

### शत्रुहन यादव

आरंग। शास्त्री चौक कोली रोड आरंग निवासी 52 वर्षीय शत्रुहन यादव का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके अंतिम संस्कार मे परिजन व नगरवासी शामिल हुए। वे भावन यादव के पति एवं आशीष व व्यासनारायण के पिता थे।



## पहल : गांव की एकता और जागरूकता आई सामने

# पलौद की ग्राम सभा में अवैध शराब बिक्री रोकने जुर्माने का प्रस्ताव किया पारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आरंग



ग्राम पंचायत पलौद में शनिवार को आयोजित ग्रामसभा की बैठक में ग्रामीणों ने एकजुट होकर सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध कड़े निर्णय लेते हुए एक अनुकरणीय मिसाल पेश की। सरपंच हेमकुमार मार्कण्डे की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में सर्वसम्मति से कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनका उद्देश्य गांव को नशामुक्त, स्वच्छ और शांतिपूर्ण बनाना है। बैठक में लिए गए प्रमुख निर्णयों में क्रमशः ग्राम पंचायत क्षेत्र में किसी भी प्रकार की शराब दुकान नहीं खोली जाएगी। गांव में अवैध रूप से शराब बेचने वालों पर 21,000 रु. का दंड तथा इसकी जानकारी देने वाले को 10,000 रु. का इनाम दिया जाएगा। चौक-चौराहों या सार्वजनिक स्थलों पर नशा करने पर 10,000 रु. का दंड तथा सूचित करने वाले को 5,000 रु. का इनाम। ताश-पत्ते या जुआ खेलने वालों पर 5,000 रु. का दंड तथा इसकी सूचना देने वाले को 2,000 रु. का इनाम।गांव की किराना, ठेला या अन्य किसी दुकान में पानी पाउच व डिस्पोजल बेचने पर 5,000 रु. का दंड तथा जानकारी देने वाले को 2,000 रु. का इनाम। ये सभी निर्णय ग्रामसभा में उपस्थित सभी सदस्यों, महिला-पुरुष ग्रामीणों और पंचायत पदाधिकारियों की सहमति से लिए गए। कोई भी ग्रामीण इन प्रस्तावों पर असहमति नहीं जताई, जिससे गांव की एकता और जागरूकता स्पष्ट रूप से सामने आई। बैठक में विशेष रूप से ग्रामसभा अध्यक्ष, उपसरपंच, पंच सदस्यगण, महिला समूहों की प्रतिनिधियां तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### शराब दुकान के खिलाफ धरना जारी

आरंग। खौली के ग्रामीणों ने जीवटता दिखा अपनी एकजुटता के बल पर शराब दुकान खोलने जगह मुहैय्या नहीं कराया जिसके चलते अभी तक शराब दुकान नहीं खुल पाया है पर इसके बाद भी प्रस्तावित शराब दुकान को न खोलने का प्रशासनिक आदेश जारी न होने से अभी तक ग्रामीण उसी जीवटता के साथ धरना को जारी रखे हुये हैं। बीते 3 दिनों से जारी भारी बारिश के बीच भी ग्रामीण जीवटता से धरना को जारी रखे हुये हैं। बुधवार को धरने का पखवाड़ा पूरा हुआ। ज्ञातव्य हो कि शराब दुकान खोलने जगह उपलब्ध कराने के इच्छुक ग्रामीणों से निविदा आमंत्रित करने के साथ ही ग्रामीणों ने बीते 25 जून से धरना शुरू कर दिया था। ग्रामीणों की एकजुटता के चलते निविदा डालने के अंतिम दिन 2 जुलाई तक एक भी ग्रामीण ने निविदा नहीं डाला जिसके चलते शराब दुकान नहीं खुल पाया है। सशंकित ग्रामीण इस शराब दुकान खोलने के आदेश के निरस्तीकरण आदेश प्रशासन द्वारा जारी किये जाने तक धरना जारी रखने का निर्णय ले इसे जारी रखे हुये हैं। धरने की कमान कमोबेश महिलाओं ने सम्हाल रखी है।

# मांढर स्कूल में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धरसींवा



शासकीय नवीन प्राथमिक शाला, मांढर में शाला प्रवेश उत्सव के शानदार आयोजन से गुलजार रही, जहां नए विद्यार्थियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों, सामुदायिक नेताओं और गर्वित अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे सभी के लिए यह एक यादगार दिन बन गया। इस उत्सव में जिला पंचायत सदस्य सविता चंद्राकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद सदस्य श्रीमती बबिता गणेशन मूर्ति, सरपंच कुमारी आडिल, उप-सरपंच मनीष धीवर, और शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री मानस पुरी गोस्वामी भी मौजूद रहे। उनकी उपस्थिति ने शिक्षा के प्रति समुदाय की दृढ़ प्रतिबद्धता और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य को रेखांकित किया। कार्यक्रम का एक मार्मिक क्षण तब आया जब सेवानिवृत्त शिक्षक श्विष्णु प्रसाद साहू ने बच्चों को आशीर्वाद दिया, उन्हें अपनी शैक्षिक यात्रा शुरू करने के लिए ज्ञान और प्रोत्साहन के शब्द दिए। उनकी उपस्थिति ने विद्यालय के समृद्ध अतीत को उसके आशाजनक भविष्य से जोड़ते हुए एक प्रेरणा का काम किया। युवा उपस्थित लोगों के लिए एक मुख्य आकर्षण स्कूल यूनिफॉर्म और किताबों का वितरण था। यह पहल सुनिश्चित करती है कि सभी छात्रों के पास अपने शैक्षणिक वर्ष की शुरुआत समान रूप से करने के लिए आवश्यक संसाधन हों, जिससे एक समावेशी और सहायक सीखने का माहौल तैयार हो सके।

### चैम्बर ऑफ कामर्स ने व्यापारी को चिल्हर का किया वितरण

तिल्दा नेवरा। बहुत समय से व्यापारियों द्वारा बहुत समय से चिल्हर की मांग की जा रही थी जो की चिल्हर वितरण आज किया गया। जिसमे प्रमुख रूप से एसबीआई तिल्दा मैनेजर, प्रदेश चैम्बर उपाध्यक्ष राम पंजवानी, व्यापारी संघ अध्यक्ष सुंदर लाल पंजवानी, वरिष्ठ सुरेश भागवानी, पूर्व चैम्बर अध्यक्ष दिनेश पंजवानी, कन्हैया जोतवानी भागचंद गंगवानी, रॉकी कमलानी विक्रम केशरवानी, बब्बू केशरवानी, कमलानी,प्रकाश नारवानी, प्रकाश लालवानी, निखिल भोजवानी दिलीप बजाज आदि व्यापारी गण उपस्थित थे। सभी ने चिल्हर वितरण को सराहा एवं चैम्बर एवं बैंक के प्रति आभार व्यक्त किया।


## // शपथ-पत्र //

मैं रोशनी तिवारी उम्र 33 वर्ष पति-संजय कुमार तिवारी निवासी सरस्वती शिशु मंदिर के पास मनोज किराना स्टोर छत्तीसगढ नगर, रायपुर छ.ग. निम्न कथन शपथपूर्वक करती हूँ -

01. यह कि, मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है ।
02. यह कि, मेरी पुत्री दिक्षा तिवारी का जन्म दिनांक 09.04.2019 को हुआ है जिस जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण संख्या बी-2019 22-90201-001024 में मेरी नाम रश्मी तिवारी एवं मेरे पति का नाम संजय तिवारी दर्ज किया गया है जो कि त्रुटि पूर्ण है।
03. यह कि, मैं मेरी पुत्री दिक्षा तिवारी के जन्म प्रमाण पत्र में माता का नाम अर्थात मेरा नाम रोशनी तिवारी एवं पिता का नाम संजय कुमार तिवारी दर्ज करने एवं त्रुटि सुधार हेतु यह शपथपत्र प्रस्तुत कर रही हूं।

**सत्यापनः-**

मैं शपथकर्ती सत्यापित करती हूं कि कंडिका 01 से 03 में वर्णित कथन सत्य एवं सही है जिसे अपना हस्ताक्षरकर सत्यापित किया।

**दिनांक 25 जून 2025** — **शपथकर्ती रोशनी तिवारी**


# सावन में मासिक मानस पाठ जारी



**रायपुर।** मठपुरैना वाटर फिल्टर प्लांट परिसर पर स्थित सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर में आषाढ़ पूर्णिमा के उपलक्ष्य में बुधवार को श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ का शुभारंभ किया गया जो निरंतर सावन मास तक जारी रहेगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष मोहनलाल साहू और सोमनाथ निषाद ने बताया कि सावन मास का शुभारंभ 11 जुलाई सोमवार से होगा। इसलिए सोमवार को मंदिर भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी तथा ब्रम्ह मुहूर्त से जलाभिषेक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विभिन्न जिलों के कांवरिए बड़ी संख्या में जलाभिषेक के लिए महादेव घाट सहित अन्य मंदिरों में जाते हैं। मंदिर में कांवरियों के ठहरने और स्वपाल्हार की व्यवस्था मंदिर समिति की ओर से हर साल की तरह की गई है। इस अवसर पर मंदिर में दीनदयाल साहू, मुक्ति साहू, ताकाराम, किशोर गुरुजी, परमानंद पटेल, नीलकंठ द्वारा भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया जाएगा।श्रीरामचरितमानस पाठ की स्थापना पं. घनश्याम वैष्णव ने पूजा-अर्चना करके की। मानस पाठ में सुमन तिवारी, राजकुमार धीवर, बाबूलाल साहू, भूखन साहू, तुलसीराम सोनकर आदि का सहयोग मिल रहा है।

# रेड क्रॉस जिला प्रबंध समिति की बैठक में प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण पर दिया जोर

तिल्दा नेवरा। रेड क्रॉस सभा कक्ष में मंगलवार को जिला प्रबंध समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने की। बैठक में भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी रायपुर के अध्यक्ष, नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वास रंजन, सीएमएचओ एवं रेड क्रॉस सचिव डॉ. मिथिलेश चौधरी, जिला रेड क्रॉस अध्यक्ष राजू शर्मा, वाइस चेयरमैन डॉ. प्रीति नारायण सहित समस्त सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में जूनियर रेड क्रॉस अंशदान को लेकर गंभीर चर्चा की गई। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले के सभी हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों से 10% अंशदान राशि अनिवार्य रूप से रेड क्रॉस सोसाइटी को जमा कराई जाए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2023-24 में मात्र 30 और 2024-25 में केवल 25 स्कूलों से अंशदान प्राप्त हुआ है, जो संतोषजनक नहीं है। इसके साथ ही कलेक्टर ने सभी स्कूलों में रेड क्रॉस की जानकारी व प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण देने हेतु मास्टर ट्रेनर्स तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स के लिए अलग वाहन उपलब्ध कराने की भी बात कही, जिससे वे स्कूलों में जाकर प्रशिक्षण दे सकें। बैठक में ब्लड डोनेशन कैंप की संख्या बढ़ाने पर भी बल दिया गया।

# भाजपा नेता शोभाराम यादव को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया गया



**चंदखुरी।** आरंग विधानसभा क्षेत्र की भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं पूर्व मंदिरहसौद विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रत्याशी देसहा यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष शोभा राम यादव को रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल के द्वारा जनपद पंचायत आरंग के नगर पंचायत चंदखुरी के लिए सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों ने बधाई दी है। शोभा राम यादव ने इसके लिए सांसद का आभार जताया है।

# मोबाइल और नगदी की चोरी आरोपी जाधव गिरफ्तार



**आरंग।** 19 जून को सुबह करीब 9 बजे आरंग के आगे कलई के तालाब के पास ट्रक को खड़ी कर नहा रहे दो ट्रक ड्राइवरो के कपड़ों में रखे मोबाइल फोन एवं नगदी रकम चोरी करने वाले अपराधी को पकड़ने आरंग पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। आरंग थाना प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि आरोपी हेमंत राव जाधव द्वारा चोरी की गई ओप्पो मोबाईल को रायपुर तेलीबांधा तालाब के पास बिक्री करने घुमते पाये जाने पर पुलिस ने हिरासत में लेकर पुछताछ किया। जिस पर आरोपी ने 19 जून को आंरग कलई तालाब के पास चोरी करना स्वीकार किया, जिससे मोबाईल जप्त किया गया तथा आरोपी हेमंत राव जाधव पिता प्रहलाद जाधव उम्र 48 वर्ष सेमरिया थाना विधानसभा जिला रायपुर को 07 जुलाई को गिरफ्तार कर न्यायालय आंरग पेश कर केन्द्रिय जेल रायपुर भेजा गया है।


## कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर -10
## आम सूचना

जारी दिनांक 09.07.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती नीति बालानी पति सुशील बालानी वगैरह निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम देवपुरी पटवारी हल्का नंबर 73 राजस्व निरीक्षक मंडल-10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 323/7 रकबा 0.1673 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय नायब/ अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 26.06.2025 के परिपालन में दिनांक 16.07.2025 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 73 के देवपुरी में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. रायपुर-10**

## :: आम सूचना ::

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी एवं विक्रेतागण श्री हीरादास मारकण्डेय, पिता-नन्दा मारकण्डेय, तुलसी बाई मारकण्डे, पति-देवदास एवं अनेश्वर पिता-देवदास, सभी निवासी- अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य हक की कृषि भूमि जिसका ख.नं. 988, रकबा 0.1340 हे., ख.नं. 997/3, रकबा 0.3230 हे., ख.नं. 997/4, रकबा 0.2100 हे., ख.नं. 999/2, रकबा 0.0960 हे. ख.नं. 999/6, रकबा 0.2450 हे., ख.नं. 999/8, रकबा 0.1900 हे., ख.नं. 999/9, रकबा 0.2830 हे., ख.नं. 989/1, रकबा 0.2550 हे., ख.नं. 999/1, रकबा 0.101 हे., ख.नं. 999/3, रकबा 0.2430 हे., ख.नं. 999/5, रकबा 0.2950 हे., कुल खसरा 11, कुल रकबा 2.375 हेक्टेयर भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम- अभनपुर, प.ह.न. 00021, रा.नि.मं.- अभनपुर, तहसील अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है को मेरे पक्षकार श्री पंकज शर्मा, पिता- स्वः राम कुमार शर्मा, निवासी- फिंगेश्वर, गरियाबंद (छ.ग.) द्वारा खरीदने का पक्का सौदा कर अग्रिम ब्याना राशि अदा कर दिया है केवल विक्रय पंजीयन (रजिस्ट्री) किया जाना शेष है। उपरोक्त विक्रय संव्यवहार या विक्रय इकरार के संबंध में किसी व्यक्ति, आम जनता, शासकीय या अर्धशासकीय संस्था, साहूकार, बैंक, किसी वित्तीय संस्था, निगम या ग्राम पंचायत आदि को उपरोक्त उल्लेखित भूमि के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 05 दिवस के अंदर मय सुसंगत दस्तावेज लिखित में नीचे लिखे पते पर आपत्ति प्रस्तुत करे समयावधि पश्चात की गई आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर बंधनकारी नहीं रहेगा और आपत्ति विधि विरूध्द एवं शून्य माना जावेगा और मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पंजीयन (रजिस्ट्री) अपने पक्ष में करा लिया जावेगा ।

सो सूचना जानें ।

स्थान- रायपुर (छ.ग.)
दिनांक :- 09/07/2025

**R.L. Associates Partner**
**रवि तिवारी एवं एल. के. प्रधान. (अधिवक्ता)**
**पता - आनंद टॉवर, गांधी मैदान, रायपुर (छ.ग.)**
**मोबाईल नंबर - 9826755855, 9827167527**

## :: आम सूचना ::
### मूल रजिस्ट्री पेपर गुम होने के संबंध में

सर्वसाधारण को इस आम सूचना के मार्फत सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण पुष्पा देवी, नरेश केशवानी, नेहा पिंजवानी, रजनी कुकरेजा, माया भगवानी, सीमा ठाकुर छाबड़ा, सभी पिता स्व. हीरानंद केशवानी, कौशल्या पति हीरानंद सभी निवासी- मोहबाबाजार, रायपुर तहसील व जिला- रायपुर छ.ग. के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य का मकान ग्राम/मोहल्ला- डूमरतालाब, प.ह.नं.-00053, रा.नि.मं.- रायपुर- 3 कोटा, तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में ख.नं.-103/22 का भाग रकबा 1291. 67 वर्गफुट स्थित है, जिसके राजस्व अभिलेख में बतौर आधिपत्यधारी एवं भूमिस्वामी मेरे पक्षकारगण के नाम दर्ज है उक्त वर्णित संपत्ति को मेरे पक्षकारगण के पिता स्व. हीरानंद केशवानी के द्वारा रजिस्ट्री बैनामा से क्रय किया गया है जो उप-पंजीयक कार्यालय रायपुर के पुस्तक क्र.-अ-1, दस्तावेज क्र.-7741, दिनांक 14/11/1995 में पंजीकृत है जिसकी असल रजिस्ट्री बैनामा मेरे पक्षकारगण से कही गुम हो गयी, जो काफी प्रयास उपरांत भी प्राप्त नहीं हुआ, इस संबंध में मेरे पक्षकारगण द्वारा थाने में भी सूचना दी गयी है तथा मेरे पक्षकारगण द्वारा उक्त संपत्ति को कही बंधन ऋण नहीं रखा है तथा उक्त बैनामा किसी को प्राप्त होती है तो उसे वापस करने का कष्ट करें उसका किसी प्रकार दुरूपयोग करने से बेच अन्यथा वैधानिक कार्यवाही की जावेगी । अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति संस्था, निकाय, बैंक बीमा, वित्तीय संस्था, आर.डी.ए. शासन, प्रशासन निगम इत्यादि अन्य को किसी भी प्रकार की उजर या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिन के अंदर मेरे समक्ष लिखित मय दस्तावेज के अपना आपत्ति दर्ज करावें तथा बाद म्याद प्रस्तुत की गयी आपत्ति उजर या दावा एवं झूठी व विधि विरुद्ध मानी जावेगी, एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

रायपुर छ.ग.
दिनांक-

**भवदीय**
**प्रमोद सोनी (अधिवक्ता)**
**निवासी-कंकाली मंदिर के पास, ब्राम्हण पारा, रायपुर (छ.ग.)**
**मो.नं.- 99268-46890**

## :: आम सूचना ::

(मौजा मोवा, प.ह.नं. 109/45, रा.नि.मं. रायपुर-1, भीमराव अंबेडकर वार्ड क्र. 27, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि के संबंध में)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मुबाशा शिरीन सिद्दीकी उम्र 32वर्ष पति फैज सैय्यद निवासी झंडा चौक के पास न्यू शांति नगर पण्डरी रायपुर छ.ग. द्वारा विक्रेता श्री निकुंज जैन उम्र 39 वर्ष पिता पुरूषोत्तम जैन एवं सह स्वामीगण श्रीमती अंतिमा जैन उम्र 39 वर्ष पति निकुंज जैन दोनो निवासी- वृन्दावन गार्डन, सांई सिटी के पास दलदलसिवनी मोवा, रायपुर छ.ग. के हक, हित, स्वत्व व आधिपत्य की परिवर्तित भूमि वाके मौजा मोवा, प.ह.नं. 109/45, रा.नि.मं. रायपुर-1, भीमराव अंबेडकर वार्ड क्र. 27, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 121/11 रकबा 0.0130 हेक्टेयर अर्थात् 1404 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना राशि चेक के माध्यम से अदा कर दिया है केवल विक्रय विलेख का पंजीयन करना शेष है।

अतएव उपरोक्त वर्णित संपत्ति/भूमि के स्वत्व, हक, हित,आधिपत्य एवं कब्जा के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, वित्तीय संस्थान, साहूकार, शासकीय एवं अर्धशासकीय विभाग इत्यादि को किसी प्रकार से कोई उजर दावा या आपत्ति हो तो उक्त सूचना प्रकाशन के 15 (पन्द्रह) दिवस के अंदर मय दस्तावेज नीचे दिये पते पर लिखित में अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर किसी भी प्रकार से बंधनकारी नहीं होगा एवं उक्त करारशुदा भूमि का पंजीयन मेरे पक्षकार के पक्ष में करा लिया जावेगा । सो सूचना जाने ।

रायपुर, छ.ग.
दिनांक-08/07/25

**भवदीय**
**दुष्यंत कुमार साहू अधिवक्ता**
**एल.आई.जी.- ए-102**
**प्रथम तल, सेक्टर- 8बी**
**कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) मो. 9098543531**

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल 24/7 Emergency Services
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल 0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953 एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
ओपीडी 50% Off
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com


आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
सेक्स, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल एम.बी.बी.एस., एम.एस. (कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ) मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

मेल इंफर्टिलिटी
शीघ्रपतन, लिंग में तनाव की कमी वीर्य की कमी, वेरीकोसील फायमोसिस का इलाज
मेडिसिन शॉक वेव थैरेपी पी शॉट एवं सर्जरी द्वारा
डॉ. वैभव राज सिंह एमबीबीएस,एम.एस.- लेजर व दूरबीन सर्जन (MBBS, MS Surgery) Laporoscopic Laser Surgeon Call 9890716410
लेजर पाईल्स क्योर
पाल्स, फिशर, फिस्टुला, वेरीकोस वेन्स, पाईलोनाईडल साइनस का लेजर द्वारा सर्जरी, 24 घंटे में छुट्टी, बिना चीरा सभी दूरबीन व लेजर सर्जरी
श्री राम शांति मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल दही हांडी मैदान के सामने, श्रीनगर, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


## ।। उठावना ।।



### स्व. श्री कमल राठी

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
स्व. श्री सुरजमल जी राठी के पुत्र **श्री कमल राठी**
का आकस्मिक निधन 08.07.2025 की शाम को हो गया है।

**उठावना**

आज गुरुवार 10 जुलाई 2025 शाम 4.00 बजे से
**सिन्धु भवन**, देवेन्द्र नगर, रायपुर में रखा गया है।

- शोकाकुल -
सौरभ राठी एवं समस्त राठी परिवार
कमल किशोर सारडा एवं समस्त सारडा परिवार

- Comienzo Agri Science Limited
- Mosh Varaya Infrastructure Limited
- Sarda Energy and Minerals Limited

MAHESHWARI

## खबर संक्षेप

### कैबिनेट कल

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र से पहले 11 जुलाई को राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक बुलाई गई है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में मंत्रालय में होने वाली बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसलों पर मुहर लग सकती है। कैबिनेट की बैठक में मानसून की स्थिति का आकलन करने के बाद प्रदेश में चालू खरीफ सीजन की बुआई अंतिम चरण पर होने और समितियों में खाद के भंडारण की स्थिति की समीक्षा होगी। बताया जाता है कि सत्र के दौरान पेश किए जाने वाले विधेयकों को मंजूरी दी जाएगी। वहीं विधानसभा में आने वाले कई मामलों पर चर्चा होगी। अनुपूरक बजट और अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### गुरु पूर्णिमा पर भाजपा कार्यकर्ता करेंगे गुरुजनों का सम्मान

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी रायपुर जिला द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर 10 जुलाई को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर भाजपा के कार्यकर्ता अपने मंडलों एवं वार्डों में शिक्षा, खेल, धर्म, समाज सेवा एवं अन्य क्षेत्रों में सक्रिय गुरुजनों का उनके निवास अथवा संस्थान में जाकर सम्मान करेंगे। विशेष अभियान की तैयारी को लेकर भाजपा रायपुर जिलाध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर के नेतृत्व में मंडल अध्यक्षों की बैठक हुई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, क्रियान्वयन एवं स्थानीय स्तर पर जिम्मेदारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने कहा गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति में गुरु के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का पर्व है। भाजपा सदैव भारतीय परंपराओं और मूल्यों को सम्मान देती आई है।

# प्रदेश में 79 हजार मीट्रिक टन धान उपार्जन केंद्रों में बारिश के हवाले

**पहले गरमी से सूखा, अब बारिश में भीग रहा है धान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में पिछले खरीफ सीजन 2024-25 में खरीदा गया करीब 79 हजार मीट्रिक टन धान अब भी उपार्जन केंद्रों में जमा है। इस धान को अब तक नहीं उठाने की वजह से यह पूरा धान बारिश के हवाले हो गया है। जाहिर है, यह धान पहले गरमी में सूखा, अब बारिश में सड़कर खराब होगा। खास बात ये है कि राज्य के 33 जिलों में से केवल पांच जिलों से ही धान का पूरा परिवहन हो सका है। बाकी सभी जिलों के उपार्जन केंद्रों में धान जमा है।

■ केवल पांच जिलों से ही पूरा धान अब तक उठा

राज्य में पिछले खरीफ सीजन में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए और बाद में प्रोत्साहन राशि समेत यह धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल का है। पिछले साल नवंबर में धान खरीदी शुरू हुई थी, जो जनवरी तक जारी रही। इस बीच फरवरी से लेकर अब तक नौ महीने बीच चुके हैं, लेकिन स्थानीय प्रशासन, सरकार यह धान उपार्जन केंद्रों से नहीं उठवा पाई है।

### केवल पांच जिलों से धान का पूरा उठाव

छत्तीसगढ़ के 33 जिलों में से पांच ही जिलों से खरीदी गया पूरा धान उठाया जा सका है। यह धान मिलिंग के लिए मिलरों को या मार्कफेड के संग्रहण केंद्रों में भेजा गया है। लेकिन यह स्थिति अन्य जिलों में क्यों नहीं बन पाई यह धान खरीदी की व्यवस्था से जुड़ा एक बड़ा सवाल है। जिन जिलों में उपार्जन केंद्रों से पूरा धान उठाया जा चुका है उनमें, जांजगीर चांपा,धमतरी, कोरिया, सरगुजा और सूरजपुर जिला शामिल है।



### सबसे अधिक धान इन जिलों में

राज्य के 33 में से पांच जिलों को छोड़ दिया जाए तो बाकी सभी जिलों के उपार्जन केंद्रों में धान की अलग अलग मात्रा बकाया है। कुछ जिलों में जहां सबसे अधिक धान जमा है, उनमें ये जिले शामिल है। बीजापुर, कांकेर, कोंडागांव,सुकमा, बिलासपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, रायगढ़, बालोद,बेमेतरा, कवर्धा, राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहला-मानपुर- अंबागढ़ चौकी, गरियाबंद, रायपुर,जशपुर, जिले प्रमुख हैं।

# डीएमएफ के लिए छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारत सरकार के खान मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य को जिला खनिज संस्थान न्यास (डीएमएफ) के अंतर्गत उल्लेखनीय कार्यों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। बुधवार को नई दिल्ली स्थित स्कोप कन्वेंशन सेंटर में आयोजित एक दिवसीय नेशनल डीएमएफ वर्कशॉप के दौरान केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने मुख्यमंत्री के सचिव और खनिज सचिव पी. दयानंद को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

■ अब तक कराए गए साढ़े 16 हजार करोड़ के कार्य

खान मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना द्वारा नेशनल डीएमएफ पोर्टल में समस्त राज्यों के डीएमएफ से संबंधित डेटाबेस का संधारण किया जा रहा है।

डीएमएफ के ऑडिट रिपोर्ट का राज्य डीएमएफ पोर्टल एवं नेशनल डीएमएफ पोर्टल में 90 प्रतिशत डेटाबेस पूर्णतः अपलोड किए जाने पर छत्तीसगढ़ राज्य को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के प्रयासों को मॉडल राज्य के रूप में प्रस्तुत किया गया और अन्य राज्यों को भी डेटा अपलोडिंग, पारदर्शिता और ज़मीनी क्रियान्वयन के अनुकरण की सलाह दी गई।

## प्रदेश में अब तक रिकार्ड हुई 291 मिमी बारिश

# अब तक सवा 11 लाख किसानों ने उठाया 64 प्रतिशत कर्ज, बुवाई 50 फीसदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन की खेती किसानी की गतिविधियां तेजी पर हैं। राज्य में अब तक सहकारी सिस्टम से सवा 11 लाख से अधिक किसानों ने सोसाइटियों से खाद, बीज और नकद राशि के रूप में कर्ज लिया है। यह लक्ष्य के मुकाबले 64 प्रतिशत है। राज्य में मोटे तौर पर खरीफ की बुवाई लगभग 50 प्रतिशत पूरी हो गई है।

■ राज्यभर में खरीफ सीजन की खेती किसानी तेज

राज्य में इस साल अब तक मानसून की सक्रियता बेहतर रही है। पूरे प्रदेश में कुछ जिलों को छोड़कर बाकी सभी स्थानों पर उम्मीद के मुताबिक बारिश हुई है। धान उत्पादक किसान अपने खेतों में बीजों की सीधी बुवाई कर रहे हैं। इसके साथ ही रोपा पद्धति से बुवाई के लिए रोपा लगाया जा रहा है।



### लक्ष्य का 57 प्रतिशत खाद का हो चुका वितरण

प्रदेश में चालू खरीफ सीजन के लिए किसानों को विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरकों का वितरण जारी है। किसानों को 8 लाख 35 हजार 692 मीट्रिक टन से अधिक उर्वरक का वितरण किया जा चुका हैं, जो लक्ष्य का 57 प्रतिशत है। वितरित किए गए उर्वरक में 04 लाख 409 मीट्रिक टन यूरिया, 01 लाख 14 हजार 276 मीट्रिक टन डीएपी, 01 लाख 41 हजार 064 मीट्रिक टन एनपीके, 46 हजार 463 मीट्रिक टन पोटाश तथा एक लाख 33 हजार 480 मीट्रिक टन सुपर फास्फेट का वितरण किया गया है।

### अब तक हो चुकी लक्ष्य की आधी बुवाई

कृषि विभाग के अनुसार प्रदेश में अब तक 24.07 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी हो चुकी है जो लक्ष्य का 49 प्रतिशत है। इस खरीफ सीजन में 48.85 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बोनी का लक्ष्य रखा गया है। इसमें अधिकांश रकबा धान बोने वाले किसानों का है। दो दिन पहले की स्थिति में प्रदेश में अब तक 291.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि प्रदेश की औसत वार्षिक वर्षा 1238.7 मिमी है।

### किसानों को दिया गया पौने 6 लाख क्विंटल बीज

कृषि विभाग के मुताबिक वर्ष खरीफ 2025 के लिए प्रदेश में 4.95 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज वितरण का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें समस्त स्त्रोतों से 7.22 लाख क्विंटल बीज का भंडारण कर अब तक 5.76 लाख क्विंटल बीज का वितरण किसानों को किया गया है, जो मांग का 116 प्रतिशत है। जबकि खरीफ वर्ष 2024 में राज्य में बीज निगम से 4.64 लाख क्विंटल प्रमाणित बीज का वितरण किया गया था।

### किसानों ने उठाया 4 हजार 947 करोड़ का कर्ज

छत्तीसगढ़ में इस सीजन की खेती के लिए किसानों को कर्ज बांटने के लिए 7 हजार 800 करोड़ रुपयों का लक्ष्य रखा गया है। किसानों को खाद, बीज के अलावा नकद राशि भी उनकी खेती के रकबे के हिसाब से दी जा रही है। सहकारी क्षेत्र के बैंक अपेक्स बैंक के सूत्रों के अनुसार अब तक किसानों ने 4 हजार 947 करोड़ रुपयों से अधिक का कर्ज उठाया है। यह लक्ष्य के मुकाबले 64 प्रतिशत है। कर्ज उठाने वाले किसानों की संख्या 11 लाख 28 हजार से अधिक है। कर्ज लेने वाले किसानों का बीमा भी साथ ही हो रहा है। किसानों को अभी शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण दिया जा रहा है। इसके साथ ही उद्यानिकी, मछली पालन, लाख उत्पादन के लिए भी 3 लाख के लिए 2 लाख तक का ऋण दिया जा रहा है।

# कांग्रेस का आरोप- पूरी सरकार मैनपाट में पिकनिक पर किसान खाद के लिए परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा के तीन दिन के प्रशिक्षण सत्र में डेढ़ साल के भ्रष्टाचार पर मंथन हुआ। खुद राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा और अन्य नेताओं को राज्य सरकार के भ्रष्टाचार पर नसीहत देनी पड़ी। यह प्रशिक्षण शिविर मस्ती की पाठशाला थी, जहां पर सरकारी धन पर पूरी सरकार मौज मस्ती और पिकनिक मना कर आई। जिस सरगुजा संभाग में भाजपा ने यह तीन दिन का प्रशिक्षण किया, उसी सरगुजा संभाग के हसदेव और तमनार में सरकार अडानी की खदान के लिये जंगल कटवा रही है। चिंतन शिविर में इस पर मंथन करने का साहस किसी नेता ने नहीं दिखाया।



■ हसदेव और तमनार में अडानी की खदान के लिए जंगल कटवा रही सरकार

उन्होंने कहा, मानसूनी बारिश उफान पर है, लेकिन अभी तक सोसाइटियों में खातू, उर्वरक नही पहुंचा है। किसान परेशान हैं, खाद नहीं मिलने पर उनकी ऊपज प्रभावित होगी। खरीफ में धान छत्तीसगढ़ के किसानों की आय का प्रमुख आधार है। सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है। प्रदेश में जानबूझ कर खाद की कमी पैदा की जा रही, ताकि किसान धान की पैदावार कम लें, समर्थन मूल्य पर कम धान खरीदना पड़े।

उन्होंने कहा, भाजपा सरकार पिछले साल खरीदे गये धान का निराकरण नहीं कर पाई है। बारिश के बीच संग्रहण केन्द्रों में 30 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खुले में पड़ा है, भीग चुका है। वहीं स्कूल शिक्षा विभाग में युक्तियुक्तकरण के कारण प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था बदहाल हो गई है।

## // शपथ-पत्र //

मैं रोशनी तिवारी उम्र 33 वर्ष पति-संजय कुमार तिवारी निवासी सरस्वती शिशु मंदिर के पास मनोज किराना स्टोर छत्तीसगढ नगर, रायपुर छ.ग. निम्न कथन शपथपूर्वक करती हूँ -

01. यह कि, मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार सत्य एवं सही है ।
02. यह कि, मेरी पुत्री दिक्षा तिवारी का जन्म दिनांक 09.04.2019 को हुआ है जिस जन्म प्रमाण पत्र पंजीकरण संख्या बी-2019 22-90201-001024 में मेरी नाम रश्मी तिवारी एवं मेरे पति का नाम संजय तिवारी दर्ज किया गया है जो कि त्रुटि पूर्ण है।
03. यह कि, मैं मेरी पुत्री दिक्षा तिवारी के जन्म प्रमाण पत्र में माता का नाम अर्थात मेरा नाम रोशनी तिवारी एवं पिता का नाम संजय कुमार तिवारी दर्ज करने एवं त्रुटि सुधार हेतु यह शपथपत्र प्रस्तुत कर रही हूं।

**सत्यापनः-**

मैं शपथकर्ता सत्यापित करती हूं कि कंडिका 01 से 03 में वर्णित कथन सत्य एवं सही है जिसे अपना हस्ताक्षरकर सत्यापित किया।

दिनांक 25 जून 2025 — शपथकर्ती रोशनी तिवारी

## कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर -10
### आम सूचना

जारी दिनांक 09.07.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती नीति बालानी पति सुशील बालानी वगैरह निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम देवपुरी पटवारी हल्का नंबर 73 राजस्व निरीक्षक मंडल-10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 323/7 रकबा 0.1673 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय नायब/ अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 26.06.2025 के परिपालन में दिनांक 16.07.2025 को समय 12 बजे पश्चात मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 73 के देवपुरी में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

राजस्व निरीक्षक
रा.नि.मं. रायपुर-10

## :: आम सूचना ::

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमिस्वामी एवं विक्रेतागण श्री हीरादास मारकण्डेय, पिता-नन्दा मारकण्डेय, तुलसी बाई मारकण्डे, पति-देवदास एवं अनेश्वर पिता-देवदास, सभी निवासी- अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य हक की कृषि भूमि जिसका ख.नं. 988, रकबा 0.1340 हे., ख.नं. 997/3, रकबा 0.3230 हे., ख.नं. 997/4, रकबा 0.2100 हे., ख.नं. 999/2, रकबा 0.0960 हे. ख.नं. 999/6, रकबा 0.2450 हे., ख.नं. 999/8, रकबा 0.1900 हे., ख.नं. 999/9, रकबा 0.2830 हे., ख.नं. 989/1, रकबा 0.2550 हे., ख.नं. 999/1, रकबा 0.101 हे., ख.नं. 999/3, रकबा 0.2430 हे., ख.नं. 999/5, रकबा 0.2950 हे., कुल खसरा 11, कुल रकबा 2.375 हेक्टेयर भूमि जो कि वाके मौजा ग्राम- अभनपुर, प.ह.न. 00021, रा.नि.मं.- अभनपुर, तहसील अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है को मेरे पक्षकार श्री पंकज शर्मा, पिता- स्वः राम कुमार शर्मा, निवासी- फिंगेश्वर, गरियाबंद (छ.ग.) द्वारा खरीदने का पक्का सौदा कर अग्रिम ब्याना राशि अदा कर दिया है केवल विक्रय पंजीयन (रजिस्ट्री) किया जाना शेष है। उपरोक्त विक्रय संव्यवहार या विक्रय इकरार के संबंध में किसी व्यक्ति, आम जनता, शासकीय या अर्धशासकीय संस्था, साहूकार, बैंक, किसी वित्तीय संस्था, निगम या ग्राम पंचायत आदि को उपरोक्त उल्लेखित भूमि के संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 05 दिवस के अंदर मय सुसंगत दस्तावेज लिखित में नीचे लिखे पते पर आपत्ति प्रस्तुत करे समयावधि पश्चात की गई आपत्ति मेरे पक्षकार के ऊपर बंधनकारी नहीं रहेगा और आपत्ति विधि विरूध्द एवं शून्य माना जावेगा और मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पंजीयन (रजिस्ट्री) अपने पक्ष में करा लिया जावेगा ।

सो सूचना जानें ।

स्थान- रायपुर (छ.ग.)
दिनांक :- 09/07/2025

R.L. Associates
Partner
रवि तिवारी एवं एल. के. प्रधान. (अधिवक्ता)
पता - आनंद टॉवर, गांधी मैदान, रायपुर (छ.ग.)
मोबाईल नंबर - 9826755855, 9827167527

## :: आम सूचना ::
### मूल रजिस्ट्री पेपर गुम होने के संबंध में

सर्वसाधारण को इस आम सूचना के मार्फत सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण पुष्पा देवी, नरेश केशवानी, नेहा पिंजवानी, रजनी कुकरेजा, माया भगवानी, सीमा ठाकुर छाबड़ा, सभी पिता स्व. हीरानंद केशवानी, कौशल्या पति हीरानंद सभी निवासी- मोहबाबाजार, रायपुर तहसील व जिला- रायपुर छ.ग. के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य का मकान ग्राम/ मोहल्ला- डूमरतालाब, प.ह.नं.-00053, रा.नि.मं.- रायपुर- 3 कोटा, तहसील व जिला-रायपुर छ.ग. में ख.नं.-103/22 का भाग रकबा 1291. 67 वर्गफुट स्थित है, जिसके राजस्व अभिलेख में बतौर आधिपत्यधारी एवं भूमिस्वामी मेरे पक्षकारगण के नाम दर्ज है उक्त वर्णित संपत्ति को मेरे पक्षकारगण के पिता स्व. हीरानंद केशवानी के द्वारा रजिस्ट्री बैनामा से क्रय किया गया है जो उप-पंजीयक कार्यालय रायपुर के पुस्तक क्र.-अ-1, दस्तावेज क्र.-7741, दिनांक 14/11/1995 में पंजीकृत है जिसकी असल रजिस्ट्री बैनामा मेरे पक्षकारगण से कही गुम हो गयी, जो काफी प्रयास उपरांत भी प्राप्त नहीं हुआ, इस संबंध में मेरे पक्षकारगण द्वारा थाने में भी सूचना दी गयी है तथा मेरे पक्षकारगण द्वारा उक्त संपत्ति को कही बंधन ऋण नहीं रखा है तथा उक्त बैनामा किसी को प्राप्त होती है तो उसे वापस करने का कष्ट करें उसका किसी प्रकार दुरूपयोग करने से बेच अन्यथा वैधानिक कार्यवाही की जावेगी । अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति संस्था, निकाय, बैंक बीमा, वित्तीय संस्था, आर.डी.ए. शासन, प्रशासन निगम इत्यादि अन्य को किसी भी प्रकार की उजर या आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिन के अंदर मेरे समक्ष लिखित मय दस्तावेज के अपना आपत्ति दर्ज करावें तथा बाद म्याद प्रस्तुत की गयी आपत्ति उजर या दावा एवं झूठी व विधि विरुद्ध मानी जावेगी, एवं मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

रायपुर छ.ग.
दिनांक-

भवदीय
प्रमोद सोनी (अधिवक्ता)
निवासी-कंकाली मंदिर के पास,
ब्राम्हण पारा, रायपुर (छ.ग.)
मो.नं.- 99268-46890

## :: आम सूचना ::

(मौजा मोवा, प.ह.नं. 109/45, रा.नि.मं. रायपुर-1, भीमराव अंबेडकर वार्ड क्र. 27, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि के संबंध में)

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मुबाशा शिरीन सिद्दीकी उम्र 32वर्ष पति फैज सैय्यद निवासी झंडा चौक के पास न्यू शांति नगर पण्डरी रायपुर छ.ग. द्वारा विक्रेता श्री निकुंज जैन उम्र 39 वर्ष पिता पुरूषोत्तम जैन एवं सह स्वामीगण श्रीमती अंतिमा जैन उम्र 39 वर्ष पति निकुंज जैन दोनो निवासी- वृन्दावन गार्डन, सांई सिटी के पास दलदलसिवनी मोवा, रायपुर छ.ग. के हक, हित, स्वत्व व आधिपत्य की परिवर्तित भूमि वाके मौजा मोवा, प.ह.नं. 109/45, रा.नि.मं. रायपुर-1, भीमराव अंबेडकर वार्ड क्र. 27, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 121/11 रकबा 0.0130 हेक्टेयर अर्थात् 1404 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर बयाना राशि चेक के माध्यम से अदा कर दिया है केवल विक्रय विलेख का पंजीयन करना शेष है।

अतएव उपरोक्त वर्णित संपत्ति/भूमि के स्वत्व, हक, हित,आधिपत्य एवं कब्जा के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक, वित्तीय संस्थान, साहूकार, शासकीय एवं अर्धशासकीय विभाग इत्यादि को किसी प्रकार से कोई उजर दावा या आपत्ति हो तो उक्त सूचना प्रकाशन के 15 (पन्द्रह) दिवस के अंदर मय दस्तावेज नीचे दिये पते पर लिखित में अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, म्याद पश्चात प्राप्त आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर किसी भी प्रकार से बंधनकारी नहीं होगा एवं उक्त करारशुदा भूमि का पंजीयन मेरे पक्षकार के पक्ष में करा लिया जावेगा । सो सूचना जाने ।

रायपुर, छ.ग.
दिनांक-08/07/25

भवदीय
दुष्यंत कुमार साहू अधिवक्ता
एल.आई.जी.- ए-102
प्रथम तल, सेक्टर- 8बी
कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) मो. 9098543531

HEALTH TOWN

निराकार मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
NMH Nirakar Multispeciality Hospital
पैथोलॉजी लैब, मेडिकल एवं 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध
24/7 Emergency Services
एम्बुलेंस सेवा उपलब्ध
रखें आपके सेहत का ख्याल
ओपीडी 50% Off
0771-3133896 +91 6264070071, 9893299953
पुरानी बस्ती थाना के सामने, कंकाली पारा रोड, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.) nirakarmaltispecialityhospital@gamil.com


आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक
सेक्स, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू
त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज
बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है
डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा
आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल
डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

मेल इंफर्टिलिटी
शीघ्रपतन, लिंग में तनाव की कमी वीर्य की कमी, वेरीकोसील फायमोसिस का ईलाज
मेडिसीन शॉक वेव थैरेपी पी शॉट एवं सर्जरी द्वारा
डॉ. वैभव राज सिंह
एमबीबीएस एम.एस.- लेज़र व दूरबीन सर्जन
(MBBS, MS Surgery)
Laporoscopic Laser Surgeon
Call 9890716410
LASER PILES
लेजर पाईल्स क्योर
पाल्स, फिशर, फिस्टुला, वेरीकोस वेन्स, पाईलोनाईडल साइनस का लेजर द्वारा सर्जरी, 24 घंटे में छुट्टी, बिना चीरा सभी दूरबीन व लेजर सर्जरी
श्री राम शांति मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल दही हाण्डी मैदान के सामने, श्रीनगर, गुढ़ियारी, रायपुर

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

॥ उठावना ॥



स्व. श्री कमल राठी

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
स्व. श्री सुरजमल जी राठी के पुत्र श्री कमल राठी
का आकस्मिक निधन 08.07.2025 की शाम को हो गया है।

उठावना
आज गुरुवार 10 जुलाई 2025 शाम 4.00 बजे से
सिन्धु भवन, देवेन्द्र नगर, रायपुर में रखा गया है।

- शोकाकुल -
सौरभ राठी एवं समस्त राठी परिवार
कमल किशोर सारडा एवं समस्त सारडा परिवार

• Comienzo Agri Science Limited
• Mosh Varaya Infrastructure Limited
• Sarda Energy and Minerals Limited

MAHESHWARI

## खबर संक्षेप



### शिव विहार कॉलोनी में भरा पानी, रहवासी परेशान

**रायपुर।** राजधानी रायपुर से लगा ग्राम पंचायत बोरियाकला मठपारा स्थित शिव विहार कॉलोनी आज तक विकास की बांट जोह रहा है। कॉलोनी की अधिकांश गलियां कच्ची और गंदगी से अटी पड़ी है। लगातार बारिश से शिव विहार कॉलोनी में पानी भर गया है, निकासी नहीं होने से कॉलोनीवासी परेशान हैं। कॉलोनी में भौतिक सुविधाओं का अभाव होने के कारण घरों का गंदा पानी सड़कों पर आ जाता है, जिससे सड़कों पर हमेशा कीचड़ भरी रहती है। कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं के अभाव होने के चलते बारिश का पानी सड़कों पर जमा हो गया है। जिससे सड़कों पर चलना दूभर हो गया है इस संबंध में कॉलोनीवासियों ने नगर निगम में अपनी समस्याओं से अवगत कराने के लिए सालों से कभी सरकार तुंहर द्वार या सुशासन तिहार जैसे शिविरों में गुहार लगाई, लेकिन जिम्मेदारानों ने आज तक कोई सुध नहीं ली।

### गुरुपूर्णिमा में शामिल होंगे गोदड़ीधाम के श्रद्धालु

**रायपुर।** देवपुरी स्थित बाबा गोदड़ीवालाधाम में 10 जुलाई को गुरुपूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा।



यह कार्यक्रम संत बाबा हरदासराम साहेब के आशीर्वाद से महंत अम्मा मीरादेवी के सानिध्य में होगा। इस अवसर पर सुबह 7 से 8 बजे तक पंचामृत स्नान कराया जाएगा। वस्त्रा भूषण श्रृंगार, आरती, सतसंग, पल्लव अरदास के अलावा सुबह 8 से 9:30 बजे तक पल्लव के बाद प्रसाद स्वल्पाहार कार्यक्रम किया जाएगा। सत्यनारायण कथा दोपहर 12:30 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के समापन के बाद भंडारा साहेब शुरू होगा। यह जानकारी इंदरलाल सचदेव, हरि इसरानी, अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, पवन प्रीतवानी, लाल खुबचंदानी ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में सभी बाबा प्रेमियों व सभी सेवादारियों एवं श्रद्धालुओं शामिल होंगे।

## निधन

### कमल राठी

**रायपुर।** अनुपम नगर निवासी कमल राठी का 8 जुलाई को निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार 9 जुलाई को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे सौरभ राठी के पिता और आनंद, अमित आशीष के चाचा थे।

### गुरमुखदास तेजवानी

**रायपुर।** तेलीबांधा निवासी गुरमुखदास तेजवानी का निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार 9 जुलाई को तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे मोहनलाल तेजवानी, दिलीप, गिरधारीलाल, रूपचंद तेजवानी, रमेश केवलानी के भाई थे।

# पचपेड़ी नाका चौक का नाम गोदड़ीवाला धाम रखने के सुझाव पर ऐतराज के स्वर


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के पचपेड़ी नाका चौक का नाम गोदड़ी वाले बाबा के नाम पर किये जाने के सुझाव पर ऐतराज शुरू हो गया है। जोन 10 कमिश्नरी ने निगम सचिवालय से मिले पत्र के बाद इसका परीक्षण कराने 11 जुलाई तक लोगों से दावा-आपत्ति मंगाई हैं।

इसमें अब तक 50 दावा-आपत्ति प्राप्त हुई हैं। इसमें अलग-अलग समाज की ओर सुझाव के साथ आपत्तियां मिली हैं। पचपेड़ी नाका चौक का नाम यथावत रखने के अलावा भक्त कर्मा माता, संत बाबा गुरु घासीदास, पंडित सुंदरलाल शर्मा के नाम पर चौक का नामकरण करने के सुझाव मिले हैं। जोन कमिश्नर का कहना है 11 जुलाई तक प्राप्त दावा आपत्ति का परीक्षण कर निगम सचिवालय को इससे अवगत कराया जाएगा, केवल अभिमत जानने दावा आपत्ति मंगाई थी।

- परीक्षण के लिए दावा–आपत्ति मंगाई, अब तक 50 आपत्तियां
- भक्त कर्मा माता चौक, बाबा घासीदास, पंडित सुंदरलाल शर्मा सहित अन्य नाम के भी आए सुझाव

### नगर निगम जोन 10 ने 11 जुलाई तक मंगाई है दावा आपत्ति



#### सर्व सम्मति से लिया जाएगा निर्णय

पचपेड़ीनाका चौक का नामकरण गोदड़ी वाले बाबा के नाम पर करने सुझाव पत्र आया था, जोन में इसका परीक्षण कराने लिखा है। पूर्व में इस चौक का नामकरण किसी के नाम पर हुआ है या नहीं और वर्तमान में इस नाम पर किसी को ऐतराज तो नहीं है, इस पर दावा-आपत्ति मंगाई गई है। चूंकि शहर में सभी समाज एक दूसरे का सम्मान करते हैं। साथ ही समाज के संतों का पूरा सम्मान है, इसलिए दावा-आपत्ति का परीक्षण कर सर्व सम्मति से इस पर निर्णय लिया जाएगा।

\- **मीनल चौबे,** महापौर, नगर निगम रायपुर

#### निगम को दी जाएगी जानकारी

गोदड़ीधाम समिति की ओर से पचपेड़ी नाका चौक का नामकरण गोदड़ी वाले बाबा के नाम से करने निगम मुख्यालय में सुझाव के साथ पत्र दिया गया। इस पर निगम सचिवालय ने जोन 10 कमिश्नरी को इस सुझाव का परीक्षण करने जिम्मा सौंपा। जोन 10 कमिश्नरी के इसका परीक्षण करने 11 जुलाई तक आम जनता से दावा-आपत्ति मंगाये गई हैं, जिसमें अब तक 50 दावा-आपत्ति आ चुकी है। इसमें विभिन्न समाज सहित कई संगठनों ने पचपेड़ी नाका चौक का नाम गोदड़ी बाबा के नाम पर करने को लेकर आपत्ति जताई है। अब आम जनता और सामाजिक संगठनों से प्राप्त अभिमत का परीक्षण कर निगम सचिवालय को अवगत कराया जायेगा।

### गुरु गोविंद सिंह वार्ड की बस्तियों में पहुंचा नाली का गंदा पानी

# आधा दर्जन इलाकों में अरमान नाला और नालियों का गंदा पानी, रहवासी परेशान, जलभराव से मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर में 4 दिनों से हो रही बारिश के कारण निचली बस्तियों में जलभराव से लोगों की परेशानी बढ़ी है। वहीं शहर से लगे गुरु गोविंद सिंह वार्ड की आधा दर्जन बस्तियों की सड़क से लेकर घरों तक नाली और नाले का गंदा पानी भरने से लोग परेशान हैं। बुधवार को यह स्थिति अणुव्रत रेसीडेंसी, गांधी नगर के नीचे वाली बस्ती, काली नगर, प्रगति नगर, जगन्नाथ नगर, मठपारा इलाके में देखने को मिली। प्रभावित बस्ती के रहवासियों ने हरिभूमि को बताया कि अरमान नाला का चौड़ीकरण और नाला गहरीकरण नहीं होने से नाले-नालियों का पानी बारिश के दौरान रिवर्स होकर बस्ती में भर जाता है। इसकी शिकायत निगम के अधिकारियों से कई बार की है।

#### तीन दशक से समस्या समाधान अब तक नहीं, लोगों को हो रही दिक्कत

नगर निगम जोन 3 के गुरू गोविंद सिंह वार्ड के मठपारा, गौरानगर, कालीनगर, प्रगतिनगर के लोगों का कहना है कि एक अरसे वे जलभराव की समस्या से त्रस्त रहे हैं। अरमान नाला संकरा होने से तेज बारिश होने पर नाले का गंदा पानी उलट होकर उनके घरों और गलियों तक घुस जाता है। इसके कारण घंटों वे घर से बाहर नहीं निकल सकते। निकास नाली की समुचित व्यवस्था नही होने से दिक्कत हो रही है। घुटनों तक पानी भरने से गली में आने -जाने में परेशानी होती है। मठपारा की वीना सेलकर, काली नगर की सरोज बाई का कहना है जलभराव की समस्या एक अरसे से देख रहे हैं। इसका स्थायी समाधान निकाला जाना चाहिए। बारिश के सीजन में घर से लेकर सड़क तक पानी भरा रहने से बच्चे, बुजुर्ग को सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। निगम प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। कमोबेश यही स्थिति गौरा नगर बस्ती की है।

#### अणुव्रत रेसीडेंसी, गांधी नगर, काली नगर, प्रगति नगर का बुरा हाल



#### अरमान नाला को चौड़ीकरण जरूरी

अरमान नाला के चौड़ीकरण और गहरीकरण कराने की जरूरत है। जोन 3 के माध्यम से इसका प्रस्ताव बनाने आग्रह किया है। ताकि वार्ड की आधा दर्जन रिहाइसी बस्तियों के रहवासियों को जलभराव से राहत मिल सके। - **कैलाश बेहरा,** पार्षद, गुरु गोविंद सिंह वार्ड

#### आधी अधूरी नाली नहीं सड़क लबालब रहवासी परेशान

संत रविदास वार्ड के सालासार से बीएसयूपी कालोनी तक की सड़कों में बारिश का पानी लबालब भरने से रहवासी परेशान हैं। सरोना निवासी अरविंद सिंह ने हरिभूमि से बातचीत में बताया कि डेढ़ साल से नाली बनाने का काम शुरू नहीं हुआ। इसकी स्वीकृति पहले ही मिल गयी है। तीन बार भूमिपूजन और उदघाटन हो चुका इसके बाद भी पार्थिव ग्रीन के 300 रहवासी, बीएसयूपी कालोनी के हजारों लोग कीचड़ और गंदगी से मुक्त नही हो पाए। नाली का पानी रोड में बह रहा है। कीचड़ इतना जमा है कि रास्ते से निकलना मुश्किल है। इसके बाद भी निगम प्रशासन ध्यान नही दे रहा।

#### पार्थिव ग्रीन के एक्जाम सेंटर के पास जलभराव

नगर निगम जोन 8 के संत रविदास वार्ड स्थित पार्थिव ग्रीन में नाली निर्माण का काम अधूरा हुआ है। एक्जाम सेंटर के पास वाले मैदान में बारिश का गंदा पानी भरने से प्रतियोगी परीक्षा दिलाने आए विद्यार्थी अकसर परेशान होते हैं। जलभराव रोकने नया बाजार से पार्थिव ग्रीन तक नाली बनाने की जरूरत है। सरोना के निवासी सोमनलाल ठाकुर ने बताया कि सरोना के दोनों बीएसयूपी कालोनी में जलभराव से लोग परेशान हैं। गंदे पानी के निकास की व्यवस्था समुचित रूप से अब तक नहीं हो पायी। यही हाल सरोना के इंटा भट्ठा के पास वाली बस्ती का है। सरोना के निवासी अशोक सिंह ठाकुर के मुताबिक सत्ती घाट इलाके में जलभराव के चलते लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है। यहां अभी तक पक्की सड़क नहीं बन पायी। बारिश के सीजन में आवागमन में भारी दिक्कत होती है। वार्ड पार्षद अर्जुन यादव का कहना है नाली निर्माण कराया जा रहा है। इससे आने वाले समय में जलभराव से निजात मिलेगी।

#### शिवम सिटी में घुटना भर पानी



मोतीलाल नेहरू वार्ड के शिवम सिटी में निकास नाली का निर्माण नहीं होने से घुटनों तक गंदा पानी भरा रहा। लोगों की शिकायत पर वार्ड पार्षद गोपेश साहू ने जलभराव वाले क्षेत्र में खुदाई कर जैसे तैसे गंदा पानी के निकासी की व्यवस्था कराई। नगर निगम जोन 9 क्षेत्र स्थित इस रहवासी इलाके में नाली निर्माण की मांग रहवासी एक अरसे से कर रहे हैं। इसी तरह कचना के श्मशान घाट इलाके में बिल्डर द्वारा सिंचाई विभाग की नाली पाट कर कब्जा किये जाने श्मशानघाट लबालब होने से लोग परेशान हैं। परिजन के अंतिम संस्कार के लिए जाने वालों को श्मशान घाट में पानी भरने से खासी असुविधा हो रही है। अवैध कब्जा हटाने की मांग उन्होंने निगम प्रशासन से की है।

# इंदौर अध्ययन पर अनुभव साझा करने आज कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव करेंगे मंथन
- छत्तीसगढ़ के शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाने के उपायों पर होगा मंथन

नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव से इंदौर के पांच दिवसीय अध्ययन प्रवास से लौटे सभी महापौर और आयुक्त अपने अनुभव साझा करेंगे।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की ओर से इस संबंध में 10 जुलाई को शाम 4 बजे नवा रायपुर स्थित विश्राम भवन में कार्यशाला आयोजित की गई है। इस कार्यशाला में श्री साव राज्य के शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाने इंदौर की बेस्ट प्रेक्टिसेस को लागू करने प्रतिभागी महापौर और आयुक्त के साथ मंथन करेंगे। साथ ही प्रदेश में स्वच्छता अभियान को लेकर भविष्य की योजनाओं, नवाचारों पर कार्यशाला में चर्चा होगी। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि छत्तीसगढ़ स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत विभिन्न नवाचारों के साथ नित नए प्रयोग कर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन के सपनों को धरातल पर भी सफल करना हमारा लक्ष्य है। इस लक्ष्य को हासिल करने आवश्यक कदम उठाने और नवाचारों के अध्ययन के लिए हमारे महापौरों एवं आयुक्तों ने इंदौर शहर का अध्ययन किया है। इस दौरान प्राप्त अनुभवों को साझा करने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें राज्य के सभी नगर निगमों के महापौर और आयुक्त उपस्थित रहेंगे। कार्यशाला में राज्य के शहरों को स्वच्छ एवं सुविधापूर्ण बनाने विचार व अनुभव साझा किए जाएंगे।

# मुख्यमंत्री ने कहा- सभी को हंसाने वाला कवि हमें रुलाकर चला गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- मुख्यमंत्री ने पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे को अर्पित की श्रद्धांजलि

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बुधवार को राजधानी रायपुर के जोरा स्थित श्रीसालासर बालाजी धाम के सभागार में आयोजित सुप्रसिद्ध कवि पद्मश्री डॉ. सुरेंद्र दुबे की श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए। उन्होंने स्व. डॉ. दुबे के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों को इस दुःख की घड़ी में धैर्य और शक्ति प्रदान करें।

मुख्यमंत्री ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा, हास्य-व्यंग्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि डॉ. सुरेंद्र दुबे छत्तीसगढ़ महतारी के सच्चे सपूत थे। सभी को हंसाने वाला यह महान कवि आज हमें रुलाकर चला गया। उन्होंने अपनी विलक्षण काव्य प्रतिभा के माध्यम से न केवल देशभर में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया। उनका आकस्मिक निधन पूरे राज्य और साहित्य जगत के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई असंभव है।

अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में उन्होंने अनेक कवि सम्मेलनों में भाग लिया है और शायद ही कोई प्रमुख आयोजन ऐसा रहा हो, जहां डॉ. दुबे की उपस्थिति न रही हो। हर मंच पर उन्हें देश के प्रतिष्ठित कवियों द्वारा विशेष सम्मान प्राप्त होता था।

#### छत्तीसगढ़ी भाषा को दिलाया सम्मान- साव

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने भी श्रद्धांजलि सभा में स्व. डॉ. सुरेंद्र दुबे को नमन करते हुए कहा, वे केवल एक कवि नहीं, बल्कि एक जिंदादिल और ऊर्जावान व्यक्तित्व के धनी थे। उन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से छत्तीसगढ़ी भाषा और संस्कृति को सम्मान दिलाया। उन्होंने प्रदेश के कोने-कोने में घूम-घूमकर लोगों को न केवल हंसाया, बल्कि सामाजिक चेतना भी जगाई। इस अवसर पर डॉ. सुरेंद्र दुबे के परिजन एवं अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे।

# ट्रेड यूनियनों का भारत बंद, कर्मचारी हड़ताल में शामिल श्रमिक विरोधी नीतियों के विरोध में सड़क पर उतरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बैक, बीमा, डाक, टेलीफोन और आयकर विभाग की सेवाओं पर असर
- पंडरी स्थित एलआईसी दफ्तर परिसर में हड़ताली कर्मचारियों की हुई विशाल सभा



देशभर में ट्रेड यूनियनों ने केन्द्र सरकार की श्रमिक विरोधी और कार्पोरेट समर्थक नीति के खिलाफ बुधवार को भारत बंद रखा। 25 करोड़ कर्मचारी इस बंद में शामिल हुए। इससे बैंक, बीमा, टेलीफोन, डाक और आयकर विभाग की सेवाओं पर असर पड़ा है। छत्तीसगढ़ में इस हड़ताल का व्यापक असर रहा। राष्ट्रीयकृत बैंकों, एलआईसी, केन्द्रीय कार्यालय, आयकर डाक सेवा, बीएसएनएल कार्यालयों के ताले नहीं खुले। राजहरा, नंदनी सहित माइंस में उत्पादन ठप रहा। भिलाई में इस्पात मजदूरों ने गेट जाम कर हड़ताल की। असंगठित मजदूरों के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, रसोइया मजदूर, परिवहन मजदूर इस हड़ताल में शामिल रहे। मुख्य प्रदर्शन पंडरी स्थित एलआईसी बिल्डिंग परिसर में किया गया।

राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल में मजदूर विरोधी श्रम संहिता की वापसी सहित केन्द्र की जनविरोधी नीतियों का विरोध किया गया। इंटक, एचएमएस, ऐक्टू सहित 10 केन्द्रीय श्रम संगठनों के आव्हान पर बैंक,बीमा, पोस्टल, टेलीकॉम, रेलवे, स्टील, कोयला क्षेत्र सहित राज्य व केन्द्र सरकार के कर्मचारियों तथा असंगठित क्षेत्र के श्रमिक इस हड़ताल में शामिल हुए। वामपंथी पार्टियों ने प्रदेशभर में हड़ताल के समर्थन में सभाओं का आयोजन कर हड़ताली श्रमिकों के साथ एकजुटता दिखाई। एलआईसी के पंडरी स्थित मंडल कार्यालय में संयुक्त हड़ताली सभा रखी गयी। इस सभा को ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच के संयोजक धर्मराज महापात्र, आल इंडिया बैंक एंप्लाइज एसोसियेशन के शिरीष नलगुंडवार, ऑल इंडिया आफिसर्स कंफेडरेशन बैंक आफिसर्स कंफेडरेशन से वाय गोपाकृष्णन, राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस इंटुक के उपाध्यक्ष एनपी मिश्र, आशीष दुबे, सेंटर आफ ट्रेड यूनियन के राज्य सचिव एमके नंदी, प्राइवेट स्कूल टीचर्स संघ के राजेश अवस्थी, रायपुर डिवीजन इंश्योरेंस एंप्लाइज यूनियन महासचिव सुरेन्द्र शर्मा, सह सचिव गजेंद्र पटेल, अनुसुइया ठाकुर, प्रमुख सदस्य एनजे राव, सेंट्रल जोन एंपलाइज एसोसियेशन के सहसचिव वीएस बघेल सहित अन्य कर्मचारी नेताओं ने संबोधित किया।

#### मुख्य डाकघर परिसर में एक दिवसीय हड़ताल

अखिल भारतीय डाक कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ परिमंडल द्वारा राजधानी रायपुर के मालवीय रोड स्थित डाक मुख्यालय परिसर के सामने एक दिवसीय हड़ताल रही। इसमें रायपुर संभाग के सभी पोस्टमैन, एमटीएस कर्मचारियों ने एकजुट होकर आंदोलन को सफल बनाया। इसमें परिमंडल सचिव दिनेश कुमार पटेल, संभागीय सचिव विजय पोर्ते, संभागीय पदाधिकारी करण सिंह परिहार, लीलाधर वर्मा, मनीषा टंडन, हेमलाल ध्रुव सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। हड़ताली कर्मचारियों ने पोस्ट आफिस एक्ट 2023 को समाप्त करने, आठवां पे कमीशन कमेटी की नियुक्ति जल्द करने, पुरानी पेंशन स्कीम लागू कर एनपीएस और यूपीएस पेंशन स्कीम समाप्त करने की मांग की। दिल्ली परिमंडल के समस्त परिमंडल सचिव के आव्हान पर संयुक्त परिषद ऑफ पोस्टल कर्मचारी देशव्यापी हड़ताल में शामिल रहे।

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
आई सी यू विभाग
- जीरो इंफेक्शन युक्त आधुनिक 32 बेड आई.सी.यू
- अनुभवी एवं विशेषज्ञ गहन चिकित्सा टीम
- मेडिकल एवं सर्जिकल गहन चिकित्सा
- अत्याधुनिक मशीनों द्वारा देखभाल एवं ईलाज
- विशेष प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ
- रोड एक्सीडेंट्स, सभी प्रकार के ट्रामा एवं इमरजेंसी गहन चिकित्सा
- जहर, सर्पदंश इलेक्ट्रिक शॉक
- मस्तिष्क, गुर्दा रोग, फेफड़े लकवा एवं हड्डी संबंधित समस्याओ के लिए विशेष व्यवस्था

शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

## पेज 13 के शेष ...

### जानकारी मंगाते हैं ....

पहुंच सकें। इनमें दानी गर्ल्स स्कूल, शासकीय प्राथमिक शाला भाठागांव सहित जोरा, लाभांडी, देवपुरी के शासकीय स्कूल भी शामिल रहे।

**साझा कर रहे व्हॉट्सऐप ग्रुप में :** पूरे दिन वर्षा के पानी से स्वयं को और बच्चों को बचाने के बाद प्रधानपाठक स्कूलों की तस्वीरें व्हॉट्सऐप ग्रुप पर साझा करते हैं। इस उम्मीद के साथ कि कोई व्यवस्था हो जाए। संकुल और ब्लॉक स्तर पर शिक्षकों और प्रधानपाठकों-प्राचार्यों के लिए बने व्हॉट्सऐप ग्रुप इस तरह की तस्वीरों से भरे पड़े हैं। इसके बाद भी कोई सुध लेने वाला नहीं है। सिस्टम से निराश बच्चे और शिक्षक सूरज निकलने का इंतजार कर रहे हैं ताकि कक्षा से पानी उतरे और उनकी पढ़ाई शुरू हो सके।

### कस्टम मिलिंग घोटाला, अनिल ....

नहीं थे। वे वर्ष 2019 से 2023 तक केवल उद्योग विभाग में कार्यरत थे और उन्होंने खाद्य विभाग से जुड़ी कोई फाइल नहीं देखी। टूटेजा ने कहा कि उन्हें शराब घोटाले में मास्टरमाइंड बताया गया, जहां 61 करोड़ रुपये की कथित रिश्वत का आरोप लगा, और अब चावल घोटाले में भी 20 से 22 करोड़ रुपये मिलने की बात कही जा रही है, जबकि दोनों ही मामलों में उनके खिलाफ कोई ठोस प्रमाण नहीं है। उन्होंने यह गिरफ्तारी "इंश्योरेंस अरेस्ट" करार देते हुए कहा कि यह सिर्फ उन्हें जमानत मिलने से रोकने के लिए की गई कार्रवाई है। न्यायालय ने ईओडब्लू द्वारा मामले में इंवेस्टीगेशन जारी होने और दोनों आरोपियों से पूछताछ की जरूरत बताई। इस आधार पर उन्हें 14 जुलाई तक रिमांड पर सौंपा गया है।

### रायगढ़ में सर्वाधिक .....

में आपदा प्रबंधन की टीम को अलर्ट किया गया है। महानदी के क्षेत्र वाले जिलों में धमतरी जिले में अब तक 303.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक औसत वर्षा 385 मिमी कुकरेल तहसील और सबसे कम 165.1 मिमी औसत वर्षा मगरलोड तहसील में दर्ज की गई है। यहां पर सभी तहसीलों में बारिश को देखते हुए स्कूलों में अवकाश की घोषणा की गई है।

**रायपुर में 304 मिमी बारिश :** राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार सरगुजा में 259.8 मिमी, सूरजपुर में 403.9 मिमी, बलरामपुर में 449.5 मिमी, जशपुर में 421.5 मिमी, कोरिया में 375.8 मिमी और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 295.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर जिले में 304 मिमी, बलौदाबाजार में 291.4 मिमी, गरियाबंद में 293.9 मिमी, महासमुंद में 303.8 मिमी और धमतरी में 303.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर में 322 मिमी, मुंगेली में 348.3 मिमी, सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 345.8 मिमी, जांजगीर-चांपा में 433.6 मिमी, सक्ती में 380.3 मिमी कोरबा में 436 मिमी और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 324.6 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड हुई है।

### तेंदूपत्ता बोनस घोटाला, समिति ....

कार्यालय जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित जिला सुकमा को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अशोक कुमार पटेल के अलावा पूर्व में उपवन क्षेत्रपाल चैतूराम बघेल, देवनाथ भारद्वाज पोड़ियामी इड़िमा उर्फ हिडमा, वन रक्षक मनीष कुमार बारसे के अलावा लघुवनोपज समिति के प्रबंधक मनोज कवासी, पायम सत्यनारायण उर्फ शत्रु, मोहम्मद शरीफ, सीएच रमना (चिटूरी), सुनील नुप्पो, रवि कुमार गुप्ता आयतू कोरसा शामिल हैं।

हाथी पांव
पैर में सूजन (हाथी पांव)
जैनाईटल फाईलेरियेसिस (जननांगों में सूजन)
DR. NIRVED JAIN (PLASTIC SURGEON)
ब्लू वीनस प्लास्टिक सर्जरी जीवन मेमोरियल हॉस्पिटल
7400558800

फेस लिफ्ट
- बोटाक्स
- फिलर
- थ्रेड लिफ्ट
- स्कीन पॉलिशिंग
- लेज़र फेशियल

कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर स्पेशल ट्रेन
03 नवंबर से 09 नवंबर 2025 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

# हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 10 जुलाई 2025

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937




02 सावन के लिए सजने लगे शिवालय...

एजुकेशन लाइव

## नवोदय चयन परीक्षा के समन्वय बैठक में शासकीय व निजी स्कूलों के प्राचार्य शामिल



**रायपुर।** नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा 2025 की तैयारी को लेकर बुधवार को ग्रेसियस कॉलेज, अभनपुर में समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। अध्यक्षता विकासखंड शिक्षा अधिकारी धनेश्वरी साहू ने की। उन्होंने निर्देश दिया कि पांचवीं एवं आठवीं कक्षा में अध्ययनरत प्रत्येक विद्यार्थी का शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित किया जाए, ताकि योग्य विद्यार्थियों को नवोदय में शामिल होने का अवसर मिल सके। उन्होंने परीक्षा से पूर्व विकासखंड के शिक्षकों की विशेष तैयारी के लिए टीम गठित की है।


### शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं पर चर्चा



शिक्षा आधिकारी ने कहा कि छात्रों को मार्गदर्शन, मॉडल पेपर, अभ्यास कक्षाओं के माध्यम से प्रतिस्पर्धात्मक माहौल में तैयारी कराई जाए। बैठक के दौरान शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं पर भी चर्चा की गई। इस दौरान पाठ्यपुस्तक स्कैनिंग, मोबाइल ऐप के माध्यम से दैनिक एंट्री, एक पेड़ मां के नाम पोर्टल में पंजीयन, विद्यालयों में अनुशासन सुनिश्चित करना और आईपीआर की पूर्णता को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर विकासखंड समन्वयक आर.के. साहू, नवोदय परीक्षा प्रभारी धनंजय कुमार सिंह, ग्रेसियस कॉलेज की प्राचार्य रीता तिवारी, अभनपुर विकासखंड से शासकीय व निजी विद्यालयों के प्राचार्य, प्रधान पाठकऔर संचालकगण उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य न केवल नवोदय चयन परीक्षा की सुनियोजित तैयारी रहा, बल्कि शिक्षा के हर स्तर पर गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही को सशक्त बनाना भी इसकी प्राथमिकता रही।

सिटी लाइव

## फ्रंटियर्स इन एप्लाइड मैथमेटिक्स पर पांच दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम की शुरुआत



**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के गणित विभाग और कन्टिन्युइंग एजुकेशन सेल द्वारा 'फ्रंटियर्स इन एप्लाइड मैथमेटिक्सः मॉडलिंग, कम्प्यूटेशन एंड क्वाण्टम-ड्रिवन टेकनीक्स' पर पांच दिवसीय ऑनलाइन ट्रेनिंग प्रोग्राम की शुरुआत बुधवार से की गई। मुख्य अतिथि प्रो. महेश्वर ने कहा कि 'मैथमेटिक्स इज़ द लैंग्वेज ऑफ द यूनिवर्स' और सभी मूलभूत विषय इसके साथ अंतर्संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि क्वाण्टम टेक्नोलॉजी वर्तमान समय में विकास के प्रारंभिक चरणों में है, लेकिन इसके उपयोग स्टैटिस्टिक्स, डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, क्वाण्टम टेलीपोर्टेशन, फिनटेक एप्लिकेशन्स, बैंकिंग जैसे क्षेत्रों में अत्यधिक संभावनाएं रखते हैं। उन्होंने भारत सरकार द्वारा इस क्षेत्र में बजट आवंटन का भी उल्लेख किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में मुख्य संरक्षक के रूप में एनआईटी के निदेशक डॉ. एनवी रमना राव, मुख्य अतिथि क्विनफोसिस प्राइवेट लिमिटेड, हैदराबाद के मुख्य वैज्ञानिक प्रो. महेश्वर राव वल्लूरी, विशिष्ट अतिथि एनआईटी के रजिस्ट्रार डॉ. नरेंद्र डीलोंढे उपस्थित रहे।

### एडवांस्ड कम्प्यूटेशनल एंड मॉडलिंग प्रॉब्लम्स की दी जानकारी

कार्यक्रम में एसटीटीपी के अध्यक्ष डॉ. देबाशीष मिश्रा, गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुजीत कुमार सामंता, संयोजक डॉ. शारदा नंदन राव, समन्वयक डॉ. एल भास्कर और डॉ. रंजन कुमार दास शामिल हुए। इस अवसर पर प्रो. एन.वी. रमना राव ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम क्वाण्टम एरर कैलकुलेशन, कम्प्यूटेशनल कॉस्ट्स, एनर्जी एफिशिएंसी, फाइनैन्शियल मॉडलिंग, एआई टेक्नोलॉजीज़ जैसे समकालीन विषयों से जुड़ा हुआ है, जिनका उपयोग अनसॉल्वेबल प्रॉब्लम्स के समाधान के लिए किया जाता है। उन्होंने कहा कि एआई और मशीन लर्निंग के एकीकरण से जुड़ी यह पहल अत्यंत प्रासंगिक है और इस कार्यक्रम से प्रतिभागियों को नवीन शोध के क्षेत्र में प्रेरणा प्राप्त होगी।

### ट्रेनिंग प्रोग्रास में 60 से अधिक छात्रों की उपस्थिति

ट्रेनिंग प्रोग्राम के दूसरे दिन नवीन तकनीकों पर विशेष चर्चा की जाएगी। वहीं, ऑनलाइन क्लास के दौरान 60 से अधिक छात्र विभिन्न राज्यों से जुड़े रहे। इस पांच दिवसीय कार्यक्रम का समापन 13 जुलाई को होगा। कार्यशाला में गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सुजीत कुमार सामंता ने गणित को कटिंग-एज साइंस एंड इंजीनियरिंग का आधार बताते हुए विभाग की एक्टिव रिसर्च, प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स और शोधकर्ताओं के विषयों पर चर्चा की। प्रो. नरेंद्र डीलोंढे ने मॉडलिंग और कम्प्यूटेशन के साथ एप्लाइड मैथमेटिक्स के एप्लीकेशंस को अनुसंधान और शिक्षण जैसे विषयों में विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की।

# गुरु दक्षिणा के बदले सोनवानी गुरुजी रिटायर होने के बाद भी दे रहे प्रशिक्षण

'गुरु कमजोरी को भी ताकत बना लेते हैं। ऐसे कई गुरु मिलेंगे, जिन्होंने शिष्यों को अपने से बेहतर बनाते हुए आदर्श गुरु बने। लेकिन, सोनवानी गुरुजी की बात ही कुछ और है। वे गुरु दक्षिणा में दिए गए वचन का पालन रिटायर होने के बाद भी रहे हैं। इनके सिखाए विद्यार्थी कई ऐसे हैं, जिन्होंने नेशनल लेवल पर अवार्ड जीतने के बाद भी बतौर योग शिक्षक सेवा दे रहे हैं। कुछ गुरु ऐसे भी होते हैं, जो शिक्षा की महत्ता को समझते हैं। ऐसे गुरुओं का कोई नाम नहीं होता है, लेकिन वे सार्थक प्रयास से अशिक्षित महिलाओं और पुरुषों को प्रौढ़ शिक्षा से जोड़ने के साथ सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की शिक्षा को बेहतर करने फ्री कोचिंग दे रहे हैं।'

**रायपुर।** भनपुरी स्कूल से बतौर शिक्षक सेवानिवृत्त हुए सीएल सोनवानी बताते हैं कि 1992 में एक सड़क़ दुर्घटना में मेरी पसली और रीढ़ की हड्डी टूट गई थी। तब एक शिक्षक के रूप में सेवा दे रहा था। काफी इलाज करवाने के बाद आम्बेडकर अस्पताल के एक एलोपैथी चिकित्सक ने योगाभ्यास करने की भी सलाह दी। 1994 में एक संयोग बना और मुझे भोपाल में आयोजित शासकीय योग प्रशिक्षण का हिस्सा बनने का अवसर मिला। वहां सरोज पांडे और मंगलेश यादव जैसे गुरुओं से प्रशिक्षण के बाद गुरु दक्षिणा देने के लिए गया था। उन्होंने गुरु दक्षिणा लेने से इंकार करते हुए एक संकल्प लिया कि इस विद्या को आगे बढ़ाने के लिए सुबह-शाम समय दान करते हुए विद्यार्थियों और स्कूल क्षेत्र के परिवारों को इस विद्या से जोड़ने और इसका लाभ देने के लिए पहल करो।

शिष्य बने शिक्षक और जीते नेशनल अवार्ड



### सुबह- शाम फ्री योग प्रशिक्षण देना शुरू किया

श्री सोनवानी ने आगे बताया कि इसके बाद जनवरी 1995 से मैंने भनपुरी स्कूल में एक शिक्षक के रूप में सेवा देने के साथ ही सुबह और शाम फ्री योग प्रशिक्षण देना शुरू किया। इससे पूरी तरह से फिट होने के साथ सेवा देने के बाद रिटायर हुआ। लेकिन, मेरी योग और षट् कर्म की शिक्षा अभी तक जारी है। इसके साथ ही योग आयोग का गठन होने के बाद से अब तक भनपुरी स्कूल के योग खिलाड़ियों का हर बार राष्ट्रीय ओलंपियॉड और राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए भी सबसे ज्यादा चयन हुआ है।

### सोनवानी गुरुजी की दिनचर्या ही नहीं बदली

आगे बताया कि भनपुरी स्कूल के 70 से ज्यादा खिलाड़ियों ने अब तक नेशनल लेवल पर प्रदर्शन किया है। इनमें से 12 योग खिलाड़ियों ने नेशनल नेवल पर पहले और दूसरे स्थान को प्राप्त करते हुए अवार्ड प्राप्त किया है। दर्जनभर से ज्यादा शिष्यों ने योग शिक्षक के रूप में कॅरियर बना लिया है। वे गुरु पूर्णिमा पर मिलने आते हैं। रिटायरमेंट के बाद भी सोनवानी गुरुजी की दिनचर्या नहीं बदली। वे रोज सुबह स्कूल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को योगाभ्यास करवाने के लिए जाते हैं। शाम को स्कूली छात्र-छात्राओं को योग और षट् कर्म सिखाते हैं।

## गरीब माता-पिता के दायित्वों में सहभागी बनने दे रही फ्री कोचिंग



प्रियदर्शिनी नगर में रहने वाली शीला चक्रवर्ती 20 साल से अपने घर में ही फ्री कोचिंग देते हुए शिक्षा की अलख जगा रही हैं। उनके बारे में जानकारी मिलने पर जब हरिभूमि ने बात की तो उन्होंने बताया कि जब यहां रहने के लिए आई, तब देखने को मिला की गुरमुख सिंह नगर में रहने वाले लोग छोटे बच्चों को स्कूल नहीं भेजते हैं। जिन छात्र-छात्राओं का सरकारी स्कूलों में एडमिशन हुआ है, ऐसे बच्चे भी पढ़ाई में कमजोर हैं। शीला चक्रवर्ती ने बताया कि मैं 12वीं तक पढ़ी हूं। इसे देखते हुए पहले ग्रुप बनाकर फ्री कोचिंग देने के लिए पहल करने का मन बनाया। किसी ने साथ नहीं दिया तो खुद ही पढ़ाने लगीं। दोपहर और शाम की पाली में पहली से 8वीं तक के 30 से ज्यादा विद्यार्थी कोचिंग में आते हैं।

### बढ़ा रहे जनरल नॉलेज और शिक्षा संस्कार

कॉलोनी में रहने वाली चक्रवर्ती मेडम के पास आने वालों में सबसे ज्यादा छात्राएं होती हैं। फ्री कोचिंग देने के साथ ही बस्ती में रहने वाली 30 से ज्यादा महिलाओं को साक्षर बना दिया है। इनमें शिक्षा से वंचित बुजुर्ग भी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि हर साल 10 हजार से ज्यादा की स्टेशनरी स्कूली छात्र-छात्राओं को बांटती हूं। खुद एक शॉप चलाते हुए एक बेटे और बेटी का दायित्व निभाने के साथ ही वे सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए समय निकालती हैं। उन्होंने बताया कि कुछ लोग गुरु पूर्णिमा पर मिलने के लिए आते हैं।



### कृतज्ञता का भाव देख मिलती है आत्मीय खुशी

सोनवानी गुरुजी बताते हैं, मेरे सिखाए कई विद्यार्थी अभी अलग-अलग विद्यालयों में बतौर योग प्रशिक्षक के रूप में सेवा दे रहे हैं। इनमें सुरज यादव, रामधर मिश्र, गजेन्द्र बघेल, गौतम साहू और मनीष यादव ऐसे शिष्य हैं, जिनसे मिलने पर उनके कृतज्ञता के भाव देखने से आत्मीय खुशी मिलती है। गुरु पूर्णिमा पर समय और परिस्थिति को देखते हुए मिलने भी आते हैं। गुरु-शिष्य परंपरा कभी खत्म नहीं होने वाली है। एक गुरु को अगर एक शिष्य भी सही रास्ते पर चलने और विद्या को आगे बढ़ाने वाला मिल जाए तो शिक्षा सफल हो जाती है।

## किशन में अपने से बेहतर खिलाड़ी बनाने का जुनून, क्रिकेट ही कॅरियर

शहर के किशन डहरिया बताते हैं कि जब पढ़ता था, तब सरकारी स्कूलों में क्रिकेट खेलने के लिए जरूरी संसाधन नहीं होते थे। जब सरकारी जॉब में आया तो सरोरा के खेल मैदान में पिच तैयार करके युवाओं को क्रिकेट सिखाना शुरू किया। इससे मेरा क्रिकेट को लेकर जुनून और बढ़ने से एक समय ऐसा आया जब पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी टीम का हिस्सा भी बना। जिला स्तरीय क्रिकेट मैचों में चयन होने से लगाव कायम रहा।





उन्होंने बताया कि अभी बूढ़ापारा स्थित क्रिकेट एकेडमी से जुड़कर खिलाड़ी तराशने का दायित्व निभा रहा हूं। मेरे सिखाए युवा स्टेट क्रिकेट अंडर-19 टीम का हिस्सा भी बन चुके हैं।

### खेल मैदान संवारने में दिया योगदान

उन्होंने बताया कि अभी तक सरोना खेल मैदान पर फ्री प्रैक्टिस करवाते हुए 25 खिलाड़ियों को डिस्ट्रिक लेवल क्रिकेट टीम का हिस्सा बनने का अवसर मिला है। उन्होंने बताया कि जब मैं स्कूली शिक्षा से जुड़ा था, तब संसाधन और इस क्षेत्र में पारंगत करने के लिए गुरु भी कम मिलते थे। इसे देखते हुए सरोना में जिन युवाओं को क्रिकेट से जोड़ा, वे कई प्राइवेट स्कूलों और संस्थाओं से जुड़कर नई प्रतिभा को तराश रहे हैं।



कॉलेज कैंपस, वेडिंग, फेस्ट-पार्टी में अलग और सुंदर दिखने बनवा रहीं हेयर स्टाइल

कार्नर न्यूज


## गर्ल्स को 60 और 70 के दशक की बॉलीवुड एक्ट्रेस की रेट्रो हेयर स्टाइल खूब भा रही



**रायपुर।** सिटी गर्ल्स 60 और 70 के दशक के रेट्रो हेयर स्टाइल अपना रही हैं। इनमें साधना कट फ्रिंज, बैंग्स, पफ्ड-अप हेयर या बीहाइव और फूलों या हेडबैंड्स के साथ बनाए गए हेयर स्टाइल काफी पसंद हैं। ये स्टाइल विंटेज और मॉडर्न एलिगेंस का एक अच्छा मिश्रण पेश करते हैं। शहर की ब्यूटिशियन एंड हेयर डिजाइनर रितू सिन्हा का कहना है कि गर्ल्स व वुमन दोनों में ही ओल्ड इज गोल्ड बालीवुड नायिकाओं की हेयर स्टाइल कैरी करने का फैशन चल पड़ा है। गर्ल्स ब्यूटी सलोन में पर्सनालिटी और वोकेशन के अनुरूप ओल्ड बालीवुड नायिकाओं जैसे हेलेन, मुमताज, आशा पारेख, साधना की लुक वाली हेयर स्टाइल बनवा रही हैं। इधर सावन सोमवार, हरेली, कृष्ण जन्माष्ठमी के साथ ही मानसून फेस्टिवल की शुरुआत होने जा रही है। वैसे भी ये तीज-त्योहार गर्ल्स के लिए खास होती हैं। अब तीज-त्योहार में सीजन के अनुरूप साज श्रृंगार तो बनती ही है। ऐसे में गर्ल्स आउटफिट्स के साथ हेयर स्टाइल को लेकर काफी सजग दिख रही हैं। क्योंकि, हेयर स्टाइल सुंदरता में चार चांद लगाती है। फेस्टिवल सीजन में दूसरों से अलग दिखने के लिए आउटफिट की खरीदारी के साथ-साथ गर्ल्स बेस्ट हेयरस्टाइल का भी चुनाव कर रही हैं। इसमें ब्यूटिशियन एंड हेयर डिजाइनर एक्सपर्ट की माने तो गर्ल्स में मानसून फेस्टिवल सीजन में हर आउटफिट के साथ सूट करने वाली ओपन कर्ल विद साइड ब्रेड हेयर स्टाइल काफी ट्रेंड कर रही हैं।

### आउटफिट्स के मुताबिक हेयर स्टाइल

सिटी के हेयर एक्सपर्ट ब्यूटिशियन पूजा शर्मा ने बताया कि सिटी गर्ल्स सीजन के हिसाब से सजना-संवरना पसंद करती हैं। अभी कुछ मानसून वेडिंग की शादी-पार्टी में जाना हो या कोई छोटा-मोटा फंक्शन हो या फिर कोई पूजा-पाठ, सबसे अलग और सुंदर दिखने के लिए वे आउटफिट्स के मुताबिक हेयर स्टाइल भी बनवा रही हैं। आने वाले महीनों में सावन सोमवार, रक्षाबंधन समेत कई तीज-त्योहार भी आने वाले हैं। ऐसे में सिटी गर्ल्स में बेस्ट यूनिक ट्रेंडी हेयर स्टाइल को लेकर क्रेज देखने को मिल रहा है। साड़ी, सूट, लहंगा या फिर गाउन के साथ हेयर स्टाइल का परफेक्ट होना बहुत जरूरी है।



### पूजा-पाठ में फ्लावर बन हेयर स्टाइल परफेक्ट

सिटी की ब्यूटिशियन एंड हेयर डिजाइनर रचना झा के मुताबिक पूजा-पाठ में आप फ्लावर बन हेयर स्टाइल बना सकते हैं। इसमें बालों का बन बनाया जाता है। बारिश के इस चिपचिपा मौसम में अगर आप बाल खोलना नहीं चाहते हैं तो इसे बनाएं। इसके अलावा फ्रेंच ब्रेड विद गजरा हेयरस्टाइल, साड़ी-सूट या लहंगे-गाउन जैसे आउटफिट के साथ सूट करेगा। साड़ी के साथ फ्रेंच ब्रेड विद गजरा हेयरस्टाल बहुत अच्छा लगता है। ये शादी के साथ-साथ हर तरह के फंक्शन में जंचता है। ये आसानी से बन जाता है। वहीं, इन दिनों चोटी में मोती लगाने का भी ट्रेंड काफी चल रहा है। यह लो पोनीटेल हेयरस्टाइल गर्ल्स को जंच रही हैं। इस तरह का हेयरस्टाइल गाउन या हैवी सूट पर काफी अच्छा लगता।



**समाज लाइव**

## सिंधी फिल्म फेस्टिवल में आखिरी ट्रेन मूवी देख भावुक हुए ऑडियंस



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा आयोजित पांच दिवसीय फिल्म फेस्टिवल का 8 जुलाई को भव्य समापन हो गया। पांच दिनों तक फिल्म फेस्टिवल में सिंधी समाज से जुड़े संस्कृति-भाषा पर आधारित फिल्में दिखाई गईं। फिल्म फेस्टिवल को लेकर समाज के लोगों में उत्साह देखी गई। फिल्म फेस्टिवल में भारी संख्या में समाज से सभी वर्ग के लोग शामिल हुए। छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी व प्रदेश प्रवक्ता सुभाष बजाज ने बताया कि सिंधी संस्कृति व भाषा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सिंधी फिल्म फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इस फिल्म फेस्टिवल को समाजजनों का भरपूर सहयोग मिला। इस तरह फिल्म फेस्टिवल अपने उद्देश्य को प्राप्त कर सका।

### संघर्ष और पुनर्वास की कहानी ने किया भावुक

अंतिम दिन आखिरी ट्रेन नाम की फिल्म ने सभी समाजजनों को भावुक कर दिया। यह फिल्म हिंदुस्तान के विभाजन की कहानी थी। सिंधी समाज को विभाजन की जो पीड़ा और त्रासदी झेलनी पड़ी उसे फिल्म दिखाया गया। समाज के बड़ों की पीड़ा को देखकर समाजजनों की आंखें भर आईं। परंतु, इस बात की भी खुशी रही कि हमारे बड़ों ने विपरीत परिस्थितियों का सामना करते हुए आज अपने-आप को स्थापित किया। लिहाजा, एक बहुत ही अच्छी और मजबूत भूमिका में आज हमारा समाज खड़ा हुआ है।

**धर्म लाइव**

## दादाबाड़ी में स्नात्र महोत्सव की श्रृंखला में होंगे विधान



**रायपुर।** आचार्य भगवंत जिनमणिप्रभ सूरीश्वर द्वारा प्रतिष्ठित चमत्कारी श्री जिनकुशल सूरि जैन दादाबाड़ी भैरव सोसायटी में गुरुवार को महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद और महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि सुबह 6 बजे स्नात्र महोत्सव से पूजा का विधान शुरू होगा। सैकड़ों बच्चों और श्रावक-श्राविकाओं द्वारा अष्टप्रकारी पूजा, गुरुवंदना के बाद साढ़े 9 बजे से दादागुरुदेव की बड़ी पूजा में गुरु गुणानुवाद किया जाएगा। दादागुरुदेव की बड़ी पूजा के लाभार्थ पुष्पादेवी मनोज कविता कोठारी, पदमचंद पंकज नीलेश गोलछा, प्रवीण संजय विनीत कोठारी, महेन्द्र कुमार तरुण कुमार मानस गौरव कल्प कोचर, शोभा बोथरा, पदमचंद मनीष बरड़िया होंगे।

### रात में सजेगी फूलों से छतरी, होगी भजन संध्या

श्री कोचर ने बताया कि वर्तिका वर्धमान वैभव चोपड़ा, अनमोल ममता दर्श जै , जयचंद रमेश मोहन बच्छावत, बसंत जितेन्द्र नाहर, गौतम चंद, डॉ. अंशुल बरड़यि, गुमान चंद सुरेश झाबक पूजा में शामिल होंगे। गुरु भक्त परिवार द्वारा गुरुदेव की छतरी को सुगंधित पुष्प से सजाया जाएगा। मंजू कोठारी व दीप्ती बैद ने बताया कि रात में खरतरगच्छ महिला परिषद, श्री सीमंधर महिला मंडल और गुरु भक्तों द्वारा चारों दादा गुरुदेव को समर्पित भक्तिमय आयोजन किया जाएगा। इसमें गुरु को समर्पित भजनों की श्रृंखला भी सजेगी।

● राजधानी के प्रमुख मंदिरों ही नहीं, आउटर क्षेत्र के शिवालयों में भी तैयारी को अंतिम रूप दे रहे भक्त

# सावन के लिए सजने लगे शिवालय, सरोना मंदिर में शिवजी का सोने-चांदी के आभूषणों से होगा श्रृंगार



### महाकाल, अमरनाथ जैसे शाही श्रृंगार का दर्शन

*महादेव घाट स्थित हाटकेश्वर महादेव मंदिर से पं. दिनेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि सावन के दौरान शनिवार, रविवार और सोमवार को सहस्त्रधारा अभिषेक पूजन मंदिर में किया जाता है। इस दौरान श्रद्धालुओं को महाकाल, अमरनाथ जैसे शाही श्रृंगार का दर्शन करने का अवसर मिलेगा। सावन के दो माह पहले ही विशेष अनुष्ठान के लिए पंजीयन शुरू हो गया है। सावन के दौरान रोजाना 8-10 श्रद्धालु अभिषेक के लिए शामिल होते हैं। सरोना स्थित शिव से मंदिर जनक ठाकुर ने बताया कि सावन के दौरान मंदिर में सैकड़ों भक्तों की भीड़ नजर आती है। हर सोमवार को भव्य मेला का आयोजन मंदिर के नजदीक देखने को मिलता है। जहां हजारों श्रद्धालुओं के लिए भोग भंडारा की व्यवस्था की गई है। मंदिर में लगभग तीन पीढ़ी से तैयार विशेष चांदी-सोने के आभूषणों से श्रृंगार किया जाएगा।*

*'श्रावण मास शुरू होने से पहले शहर के शिव मंदिरों में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। शिव धाम में साफ-सफाई, सजावट और अभिषेक एवं रूद्राभिषेक की रूपरेखा बनने लगी है। जहां शिवभक्तों में सावन को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है, वहीं मंदिर समिति ने रुद्राभिषेक और पूजा- पाठ के लिए पंजीयन शुरू किया है। सोमवार को शिवालयों में भक्तों का तांता लगता है। ऐसे में श्रद्धालुओं को सावन में किसी भी दिन रुद्राभिषेक का अवसर मिलेगा।'*

**रायपुर।** शुक्रवार से इस साल सावन की शुरुआत हो रही है। इसे देखते हुए शहर के प्रमुख मंदिरों में महामृत्युंजय, रूद्राभिषेक, मंत्रोच्चार, दुग्धाभिषेक, शिव नाम जाप, धार्मिक अनुष्ठान, भजन संध्या जैसे आयोजनों का सिलसिला महीनेभर चलने वाला है। धार्मिक अनुष्ठान के लिए नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर, हाटकेश्वर नाथ महादेव, सरोना शिव मंदिर, सुरेश्वर महादेव मंदिर, रावांभाठा शिव मंदिर में पंजीयन किया जा रहा है। इसमें श्रद्धालु सावन महीने में सोमवार को छोड़कर किसी भी दिन मंदिर में अभिषेक करवा सकते हैं।



इसके लिए मंदिर प्रबंधन से जुड़ी समितियों ने भी हर साल लगने वाली भक्तों की भीड़ को देखते हुए विशेष तैयारी शुरू की हैं। सुरक्षा व्यवस्था, प्रसाद वितरण, महाआरती, श्रृंगार के लिए भी अलग-अलग लोगों को जिम्मेदारी दी गई है। सावन में भक्तों के लिए मंदिर के पट देर रात तक खुले रहेंगे।



### मंदिर में अबतक 168 श्रद्धालुओं ने कराया पंजीयन

सुरेश्वर महादेव पीठ से पं. स्वामी राजेश्वरानंद ने बताया कि सावन का एक माह सभी शिव भक्तों के लिए विशेष होता है, जहां सैकड़ों भक्त रोजाना शिव मंदिर अभिषेक के लिए पहुंचते हैं। सावन के दौरान सोमवार के अलावा अन्य दिन भी रुद्राभिषेक व धार्मिक किया जाएगा। अबतक 168 श्रद्धालुओं का पंजीयन हो चुका है। बस स्टैंड स्थित नीलकंठेश्वर मंदिर के पुजारी जनार्धन पांडे ने बताया कि सावन से पहले मंदिर में साज-सज्जा की शुरुआत हो चुकी है। इस वर्ष 10-12 श्रद्धालुओं का पंजीयन विशेष अनुष्ठान के लिए किया गया है, जो समय के साथ बढ़ता रहेगा।



### अनुष्ठानों के लिए 11 आचार्यों की उपस्थिति

रेलवे स्टेशन रोड स्थित नीलकंठेश्वर मंदिर के पुजारी नीलकंठ महाराज ने बताया कि सावन के पहले दिन से शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन मंदिर परिसर में किया जा रहा। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठान में 11 आचार्य शामिल होंगे। अबतक 25-30 श्रद्धालुओं ने रूद्राभिषेक के लिए पंजीयन कराया है। मंदिर में सोमवार को सुबह और शाम विशेष श्रृंगार किया जाएगा। वहीं, दोपहर 2 बजे तक ही भक्तों को अभिषेक करने का मौका मिलेगा। रोजाना शाम 6 बजे भजन संध्या और 8 बजे महाआरती की जाएगी।

### मंदिर में धार्मिक अनुष्ठान के लिए एक दिन पहले भी सूचना मान्य है

रावांभाठा स्थित बंजारी मंदिर में विराजित शिवलिंग पर साल के प्रत्येक सोमवार को रूद्राभिषेक किया जाता है। इस दौरान आसपास के 4-5 गांव के सदस्य हर सोमवार को उपस्थित रहते हैं। मंदिर समिति के सदस्य हरिश भाई जोशी ने बताया कि सावन में धार्मिक अनुष्ठान और रुद्राभिषेक के लिए पंजीयन जारी है। वहीं, श्रद्धालु एक दिन पूर्व भी जानकारी देकर पूजन करा सकते हैं। इस दौरान पूजन की व्यवस्था मंदिर समिति की ओर से की जाती है।

अस्पतालों में रक्तदान करने वाले युवा हो रहे सजग

## डेंगू वायरल संक्रमण से मरीजों में प्लेटलेट्स की कमी चिकित्सकों की सलाह डोनर ना खाएं डिसप्रिन टैबलेट

**रायपुर।** कुछ अरसे पहले तक रक्तदान करने से शरीर में कमजोरी आने जैसी अफवाहें समाज में प्रचलित थीं, वहीं अब नई पीढ़ी इसे सेहतमंद जीवनशैली का हिस्सा मान रही है। युवाओं में न केवल रक्तदान को लेकर उत्साह बढ़ा है, बल्कि अब प्लेटलेट्स डोनर्स के रूप भी तेजी से जागरूकता बढ़ रही है। विशेष रूप से बरसात के मौसम में जब डेंगू जैसे वायरल संक्रमण फैलते हैं, तब प्लेटलेट्स की मांग अस्पतालों में बढ़ जाती है। इसके साथ ही कैंसर और आईटीपी (बिना कारण प्लेटलेट्स की कमी) जैसी कई गंभीर बीमारियों में भी प्लेटलेट्स की कमी मरीज में होती है। चिकित्सकों की मानें तो स्वस्थ व्यक्ति प्लेटलेट्स डोनेशन के बाद 24 से 28 घंटे में दोबारा सामान्य स्तर पर पहुंच जाता है। इतना ही नहीं, कोई भी स्वस्थ व्यक्ति महीने में चार बार भी प्लेटलेट्स डोनेट कर सकता है।





### प्लेटलेट्स डोनेट करने से 95 % हार्ट अटैक का खतरा कम

*52 वर्षीय एम वासुदेव राव ने बताया कि 18 वर्ष की उम्र से रक्तदान की शुरुआत की। अबतक 183 बार रक्तदान कर चुके हैं। डेंगू, कैंसर और गर्भवती महिलाओं को प्रसव पीड़ा जैसी परिस्थिति में अस्पतालों व मरीजों को प्लेटलेट्स की जरूरत पड़ती हैं। ऐसे में मरीजों को नया जीवन देने का कार्य युवा रक्तदाता कर रहे हैं। एम वासुदेव ने बताया कि अबतक 104 बार प्लेटलेट्स दान किया है। स्वस्थ शरीर में प्लेटलेट्स 24-28 घंटे के भीतर पुनः तैयार हो जाता है, इससे हार्ट अटैक का लगभग 95 प्रतिशत खतरा टल जाता है। ऐसे में रक्तदाताओं को भी रक्तदान से कई फायदे होते हैं। अंतरा गोवर्धन ने बताया कि परिवार में माता-पिता को देखकर ब्लड डोनेट करना शुरू किया। वर्तमान में घर का प्रत्येक व्यक्ति रक्तदान करता है। 18 साल की उम्र में पहली बार रक्तदान किया। अबतक 84 बार रक्तदान करने का मौका मिला है। प्लेटलेट्स डोनेट करने के लिए विशेष प्रकार की मशीन की आवश्यकता होती है। वहीं, कुछ साल पहले ही शहर में यह मशीन लाई गई है।*

### चार लाख तक प्लेटनेट सेल की आवश्यकता

डॉ. मनोज लांजीवार ने बताया कि बरसात के दिनों में प्लेटलेट्स की मांग बढ़ने लगती हैं, जिसका मुख्य कारण डेंगू जैसी बीमारी है। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं को प्रसव पीड़ा के दौरान कैंसर थैरेपी, दुर्घटना एवं आईटीपी की स्थिति में प्लेटलेट्स की जरूरत पड़ती हैं। ऐसे में रक्तदाताओं को डिसप्रिन टैबलेट ना खाने की सलाह दी जाती हैं, जो शरीर में प्लेटलेट्स को कमजोर करता है। स्वस्थ शरीर में डेढ़ लाख से चार लाख तक प्लेटनेट सेल होना चाहिए, लेकिन इससे कम होने पर उसे तुरंत आवश्यकता होती है।

## रोटरी क्लब क्विंस ने की पहली मीटिंग, सेवा से शुरुआत

**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर क्विंस ने अपने रोटरी वर्ष 2025-26 की पहली बोर्ड मीटिंग का आयोजन उत्साह के साथ वीआईपी क्षेत्र में स्थित एक होटल में किया। इसका सफल संचालन अध्यक्ष दीपिंदर कौर रेहल और सचिव प्रभजीत कौर भाटिया के नेतृत्व में हुआ। इसमें कुल 35 सदस्य शामिल हुए। इनके बीच वार्षिक आयोजनों के लिए ड्रीम विजन पर आपस में चर्चा की गई। इसके साथ ही इस साल के लिए तय होने वाले प्रोजेक्ट्स को सफल बनाने के लिए किस तरह से प्रयास किए जा सकते हैं, इसको लेकर मंथन किया गया। अध्यक्ष एवं सचिव ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने उन पर विश्वास जताते हुए यह दायित्व सौंपा। उन्होंने कहा कि वे इस सहयोग और स्नेह के लिए आभारी हैं। जो भरोसा जताया गया है, उसे टीम भावना से काम करते हुए पूरी निष्ठा से निभाएंगे।



### सेवा की शुरुआत एक सुंदर काम

सभी मेंबर्स ने सेवा की शुरुआत एक सुंदर काम से करते हुए क्विंस क्लब द्वारा भावन्स स्कूल रायपुर की दो प्रतिभाशाली छात्राओं को स्कूल ड्रेस और पुस्तकें भेंट किया गया। दोनों छात्राएं आरटीई (शिक्षा का अधिकार अधिनियम) के तहत शिक्षा प्राप्त कर रही हैं। उनका भविष्य संवारने के लिए सहयोग देने आगे बढ़ते हुए स्कूल में पहुंचे। रोटरी इस विचारधारा में विश्वास रखता है कि 'हर बच्चे को पढ़ने का हक है, जरूरतमंदों को मदद का साथ मिलना चाहिए।' सभी बोर्ड मेंबर्स की उपस्थिति में वर्ष की शुरुआत की गई।

## अब दिव्यांग बालिकाओं का जन्मदिन सेलिब्रेट करेंगी केंद्र से जुड़ी महिलाएं

केक काटकर घर जैसे माहौल में बालिकाओं का मनाएंगे जन्मोत्सव



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल के चौबे कॉलोनी केंद्र की महिलाएं दिव्यांग बालिका विकास गृह में रहने वाली बच्चियों का जन्मदिन धूमधाम से मनाएंगी। बच्चियों को घर जैसे माहौल में उनके जरूरत का सामान उपहार स्वरूप दिया जाएगा। इसको लेकर चौबे महिला केंद्र की सदस्य गौरी क्षीरसागर के निवास पर बैठक संपन्न हुई। इसमें कार्यक्रम की सफल आयोजन को लेकर रूपरेखा तय की गई। केंद्र की संयोजिका अक्षता पंडित ने बताया कि बैठक में चौबे कॉलोनी केंद्र के भावी कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गई। केंद्र की महिलाओं द्वारा दिव्यांग बालिकाओं की जन्मोत्सव मनाने का निर्णय समाज को प्रेरित करने वाली है। वहीं, बालिका विकास गृह की बालिकाओं को कुछ पल के लिए ही सहीं, पर उनको परिवार जैसा प्यार-दुलार महिलाओं से मिलेगा। इस तरह हर मायने से महाराष्ट्र मंडल के चौबे कॉलोनी केंद्र की महिलाओं का यह आयोजन खास होने वाला है।

### प्रति शनिवार को राम रक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ

*आयोजक टीम ने बताया कि जल्दी ही कार्यक्रम का स्वरूप और तिथि की घोषणा की जाएगी। बैठक में केंद्र की वरिष्ठ सदस्यों ने प्रति शनिवार को राम रक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ के लिए अधिक से अधिक संख्या में महिलाओं से स्वस्फूर्त पहुंचने का आग्रह किया है। इस मौके पर मनीषा वरवंडकर, स्वाती डबली. चारूशीला देव, अलका मराठे, सीमा गनोदवाले, अवंती अग्निहोत्री, अर्चना मुकादम, सुनंदा हिशीकर, संध्या हिशीकर सहित कई महिलाएं उपस्थित रहीं।*

### सदस्यों व पदाधिकारियों को जिम्मा

केंद्र की संयोजिका ने जानकारी देते हुए कहा कि जल्दी ही आयोजन को अंतिम रूप देकर सदस्यों व पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। साथ ही चौबे कॉलोनी केंद्र की महिलाएं चौबे कालोनी व समता कालोनी से लगी बस्ती की महिलाओं को गर्भ संस्कार के विषय में जानकारी देकर जागरूक करेंगी। केंद्र संयोजिका के अनुसार डॉ. सोनल केला को महिलाओं के आरोग्य विषयक चर्चा करने के लिए आमंत्रित करने की तैयारी है। जिससे महिलाएं स्वयं और परिवार, खासकर बच्चों को मानसून में स्वास्थ्य को लेकर सावधानियों से संबंधित जानकारी देकर सजग करेंगी।



## सिटी स्पोर्ट्स

### रायपुर जिला क्रिकेट संघ के ट्रायल कल से, स्लॉट बांटे




**रायपुर।** रायपुर जिला क्रिकेट संघ ने वर्ष 2026-27 हेतु सभी वर्गों के ट्रायल की तिथियां घोषित कर दी हैं। इसके पहले एक जुलाई से 07 जुलाई तक सभी वर्गों के खिलाडियों का पंजीयन किया जा चुका है। इसके बाद अब वर्गवार खिलाडियों का ट्रायल 11 से 18 जुलाई तक होगा। पंजीकृत खिलाड़ियों की सूची दिनांक एवं समय सहित स्लॉटवार संबंधित क्रिकेट एकेडमी को भेज दी गयी है। खिलाडी अपने ट्रायल के समय एवं दिनांक की जानकारी संबंधित क्रिकेट एकेडमी या आर डी सी ए कार्यालय, तेलीबांधा से प्राप्त कर सकते हैं। ट्रायल, आर डी सी ए इंडोर स्टेडियम, तेलीबांधा रायपुर में संपन्न होगें। संभी खिलाडियों को सफेद पोषाक में अपने क्रिकेट किट सहित दिये गये समय एवं दिनांक को उपस्थित होना होगा। वर्गवार ट्रायल में 11 जुलाई को अंडर– 14 स्लॉट-1 से -3 तक , 12 जुलाई को अंडर–14 स्लॉट 4 से 6 तक , 14 जुलाई को अंडर - 16 स्लॉट 1 से 3 तक, 15 जुलाई को अंडर – 19 स्लॉट 1 से 3 तक, 16 जुलाई को अंडर – 19 स्लॉट 4 से 6 तक, 18 जुलाई को अंडर - 23 एवं सीनीयर वर्ग स्लॉट 1 से स्लॉट 3 तक को अवसर दिया जाएगा। स्लॉट 1 को सुबह 8.30 बजे से, स्लॉट 2 को सुबह 11.30 बजे से, स्लॉट 3 - को दोपहर 2.30 बजे से, स्लॉट 4 को सुबह 8.30 बजे से, स्लॉट 5 को सुबह 11.30 बजे से और स्लॉट 6 को दोपहर 2.30 बजे से समय दिया गया है।

### प्रथम छत्तीसगढ़ खो-खो लीग की तैयारी, दोनों वर्ग में होंगे मुकाबले



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो खो एसोसिएशन और जिला संघ बलौदाबाजार भाटापारा के संयुक्त तत्वाधान में 28 से 31 जुलाई को इनडोर स्टेडियम कसडोल बलौदाबाजार में प्रथम छत्तीसगढ़ खो खो लीग सीनियर वर्ग महिला व पुरुष टीमों का आयोजन करने जा रहा है। इस खो खो लीग में छत्तीसगढ़ राज्य के चयनित सर्वश्रेष्ठ महिला व पुरुष खिलाड़ियों का चार महिला और चार पुरुष टीम सलेक्शन कर इस लीग का आयोजन कर रहे हैं। अलग अलग टीम के लिए श्रेष्ठ कोच मैनेजर की नियुक्ति किया जा रहा है. 25, नेशनल और स्टेट निर्णायकों को शामिल किया जा रहा है। विजेता टीमों को नगद पुरस्कार ट्रॉफी मेडल, प्रमाण पत्र, एवं व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को भी पुरुस्कृत किया जाएगा। छत्तीसगढ़ एमेच्योर खोखो संघ के अध्यक्ष कमलजीत अरोरा बेमेतरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश सिंह दुर्ग, ललित वर्मा, रायपुर श्री सुब्रत शाह, कोंडागांव, भगत सोनी राजनांदगांव, दीपक सिदार रायगढ़, नरेश शुक्ला राजनांदगांव, धर्मेन्द्र मौर्य राजनांदगांव, गोविन्द मुदलियार रायपुर, श्री देवचरन पटेल बलौदाबाजार, श्री पैकरा सर जी कसडोल, नागेंद्र साहू, कसडोल, वीरेंद्र मासिया मोहला मानपुर चौकी, शंकर सुमन कोरबा, चमन साहू दुर्ग, भोलेनाथ बालोद आदि इसकी तैयारियों को पूरा करने में जोर शोर से चल रहा है। लीग को सफल बनाने के लिए सभी टेक्निकल ऑफिशियल्स निर्णायक कोच, मैनेजर का एक द्विवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 13 जुलाई को सुबह दस बजे से श्री अग्रसेन भवन पुराना बस स्टैंड राजनांदगांव में आयोजित किया गया है। जिसकी तैयारी, फिरोज रहमान भिलाई, सचिन डोगरे भिलाई, विक्रांत शुक्ला राजनांदगांव, समीर शुक्ला राजनांदगांव, भारत कोटलकर, नारद साहू और हरीश साहू आदि व्यवस्था में शामिल हैं। उक्त सम्पूर्ण जानकारी तरुण कुमार शुक्ला, महासचिव, छत्तीसगढ़ एमेच्योर खो खो संघ ने दी।

### जूनियर नेशनल रग्बी में छत्तीसगढ़ से तीन को मौका



**रायपुर।** उत्तराखंड के देहरादून स्थित एथलेटिक्स स्टेडियम में 8 से 13 जुलाई तक आयोजित हो रहा है। जूनियर नेशनल रग्बी चैंपियनशिप के लिए पाली रग्बी क्लब कोरबा से 3 बालक का छत्तीसगढ़ टीम में चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ियों में शनि श्रीवाश, चंद्रकांत राजवाड़े और सूर्यकांत शामिल है।तीनो ही खिलाड़ी स्थानीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन कर चुके हैं और अब राष्ट्रीय स्तर पर कोरबा और छत्तीसगढ़ का नाम रौशन करने के लिए तैयार हैं। जिला रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल मोटवानी, उपाध्यक्ष सुनील साहू, कोरबा टीम के कोच ओमप्रकाश यादव ने दोनों खिलाड़ियों को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी है।

## किडनी फेलियर की तरफ इशारा हो सकते हैं ये लक्षण

# किडनी में हो रही परेशानी तो दिख जाते हैं इसके लक्षण, तुरंत संभल जाएं और शुरू करें उपचार

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी, अनियमित खानपान और बढ़ते स्ट्रेस ने हमारे शरीर के कई अंगों पर असर डाला, इसका सबसे ज्यादा नुकसान झेल रही हैं किडनियां। हाल के वर्षों में जिन गंभीर बीमारियों के कारण स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त दबाव बढ़ा है, किडनी की समस्याएं उनमें से एक हैं। अब ये सिर्फ उम्र बढ़ने के साथ होने वाली बीमारी नहीं रही है बल्कि कम उम्र के लोग भी किडनी की बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी, अनियमित खानपान और बढ़ते स्ट्रेस ने हमारे शरीर के कई अंगों पर असर डाला, इसका सबसे ज्यादा नुकसान झेल रही हैं किडनियां। 20 से कम उम्र के लोगों में भी ये समस्या बढ़ती देखी गई है। कहीं आप भी तो इसका शिकार नहीं हैं?



### किडनी से संबंधित समस्याओं का बढ़ता खतरा

किडनी यानी गुर्दे, हमारे शरीर के नेचुरल फिल्टर होते हैं। ये खून साफ करते हैं और शरीर से टॉक्सिन्स और अतिरिक्त पानी निकालते हैं। ब्लड प्रेशर कंट्रोल रखने में भी किडनी का स्वस्थ रहना जरूरी माना जाता है। यानी अगर किडनी में किसी तरह की समस्या हो जाए तो इसका असर संपूर्ण स्वास्थ्य पर हो सकता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएओ) के अनुसार, भारत में किडनी फेलियर के दो सबसे बड़े कारण हाई ब्लड प्रेशर और हाई शुगर के बढ़ते मरीज हैं। डायबिटीज से किडनी की नसें डैमेज हो जाती हैं और ब्लड प्रेशर से किडनी के फिल्टर पर दबाव बढ़ता है।

### क्यों बढ़ रही हैं किडनी की दिक्कतें?



स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, हमारे दिनचर्या की कई गड़बड़ आदतें किडनी की समस्याएं बढ़ाने वाली हो सकती हैं, जिसको लेकर सभी लोगों को सावधानी बरतते रहने की आवश्यकता है।

अगर आप अक्सर ओवर-द-काउंटर दवाओं, पेनकिलर का सेवन करते हैं तो इससे किडनी की कोशिकाओं को नुकसान पहुंच सकता है। कम पानी पीने, ज्यादा नमक और प्रोसेस्ड फूड के सेवन के कारण भी किडनी की दिक्कतें बढ़ जाती हैं।

### कहीं आपकी किडनी तो नहीं हो रही है खराब



किडनी की सेहत को लेकर ध्यान देते रहना जरूरी है। डॉक्टर बताते हैं, किडनी खराब होने के शुरुआती लक्षणों के बारे में जानना भी जरूरी है, अगर समय पर इसकी पहचान कर इलाज करा लिया जाए तो गंभीर समस्याओं से बचाव किया जा सकता है। बार-बार या बहुत कम पेशाब आना,चेहरे, पैरों या टखनों में अक्सर सूजन रहना,हर समय थकावट महसूस होना,रात को बार-बार उठकर पेशाब जाना,पेशाब में झाग या खून आना, मतली, उल्टी या भूख न लगना और त्वचा पर खुजली या मांसपेशियों में ऐंठन होना शामिल है।

### आप किडनी को स्वस्थ रखने के लिए क्या करें?

डॉक्टर कहते हैं, किडनी की बीमारी 'साइलेंट किलर' की तरह होती है, जब तक लक्षण सामने आते हैं, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। इसलिए जरूरी है कि हम इसके कारण, लक्षण और बचाव के तरीकों को जानें और वक्त रहते एक्शन लें। आप कम उम्र से ही कुछ बातों का ध्यान रखकर किडनी को स्वस्थ रख सकते हैं। किडनी को स्वस्थ रखने के लिए दिन में 2-3 लीटर पानी जरूर पिएं।



## एब्स रोलर का इस्तेमाल करते इन बातों का रखें खास ख्याल

एब्स रोलर का इस्तेमाल पेट की मसल्स को मजबूत और टोन करने के लिए किया जाता है। हालांकि, जब आप इसका इस्तेमाल कर रहे हैं तो आपको कुछ छोटी-छोटी बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। अपने वर्कआउट के दौरान हम सभी कई तरह के इक्विपमेंट्स का इस्तेमाल करते हैं। ये इक्विपमेंट या प्रॉप्स हमारे वर्कआउट को और भी अधिक बेहतर बनाने में मदद करते हैं। इन्हीं में से एक है एब्स रोलर। अमूमन इन्हें एक्सरसाइज व्हील्स भी कहा जाता है। जब भी आप कोर वर्कआउट करते हैं तो उसमें एब्स रोलर का इस्तेमाल किया जाता है। ये होम व जिम वर्कआउट दोनों के लिए बेहतर ऑप्शन हैं। एब्स रोलर सिर्फ पेट या कोर की मसल्स को ही मजबूत या टोन नहीं करते हैं, बल्कि इनकी मदद से आपकी पीठ व बाजुओं पर भी अच्छा असर पड़ता है। इतना ही नहीं, ये आपकी बॉडी की ओवर ऑल स्ट्रेंथ को इंप्रूव करते हैं और बॉडी बैलेंसिंग व स्टेबिलिटी को भी बेहतर बनाते हैं। एब्स रोलर से वर्कआउट करना यकीनन एक अच्छा विचार है। लेकिन एक बिगनर के रूप में आपके लिए सही तरह से एब्स रोलर का इस्तेमाल करना थोड़ा कठिन हो सकता है। यह भी संभव है कि इसका इस्तेमाल करते समय आप खुद को चोटिल कर लें। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको एब्स रोलर का इस्तेमाल करते समय अवश्य ध्यान रखना चाहिए-

### एब्स रोलर क्या होते हैं?



एब्स रोलर को सही तरह से इस्तेमाल करने से पहले आपको इनके बारे में जान लेना चाहिए। एब्स रोलर का इस्तेमाल आमतौर पर कोर वर्कआउट के दौरान किया जाता है। इस पर एक छोटा पहिया और दो हैंडल बने होते हैं। इन हैंडल को पकड़कर ही व्यक्ति खुद को आगे-पीछे करता है। इस दौरान पेट की मसल्स पर जोर पड़ता है। साथ ही साथ, व्यक्ति को खुद को बैलेंस भी करना हेता है।

### पहले करें वार्मअप


अगर आप कोर वर्कआउट के दौरान एब्स रोलर का इस्तेमाल करने का मन बना रहे हैं तो यह बेहद जरूरी है कि आप इससे पहले अच्छी तरह वार्म अप करें। साथ ही साथ, अपनी कोर की मसल्स को स्ट्रेच करें। इससे आपकी बॉडी वर्कआउट के लिए तैयार होती है। साथ ही साथ, आपको चोट लगने की संभावना भी काफी हद तक कम हो जाती है।

### एक्सपर्ट की लें मदद

एब्स रोलर का इस्तेमाल करना देखने में काफी आसान लगता है। लेकिन एक बिगनर के लिए खुद को इस दौरान बैलेंस करने में काफी परेशानी होती है। कभी-कभी एब्स रोलर से वर्कआउट करते हुए चोट भी लग जाती है। ऐसे में सबसे अच्छा तरीका होता है कि आप किसी फिटनेस एक्सपर्ट की देख-रेख में ही यह वर्कआउट करें। उनकी मदद से सही बॉडी फॉर्म, पोश्चर व टेक्निक का इस्तेमाल करने से आपको यकीनन काफी लाभ मिलेगा।

### धीरे-धीरे करें एक्सरसाइज

कई बार यह देखने में आता है कि जब एब्स रोलर का इस्तेमाल करते हैं तो एकदम से बहुत तेजी से आगे बढ़ जाते हैं और इस दौरान अपनी पीठ को अधिक झुका लेते हैं।



## फ्रिज में रखी हरी मिर्च जल्दी हो जाती है लाल तो करें ये उपाय



हरी मिर्च का तीखा स्वाद हर डिश में एक नई जान डालने का काम करता है। इसलिए महिलाएं खाने को चटपटा और तीखा बनाने के लिए बाजार से सब्जी खरीदने के दौरान ढेर सारी हरी मिर्च खरीदकर इन्हें फ्रिज में स्टोर कर देती हैं। लेकिन, हरी मिर्च को फ्रिज में रखने के दौरान ये कुछ समय बाद लाल हो जाती हैं, साथ ही, ये अपनी ताजगी भी खो देती हैं। इस वजह से जहां आपको कई बार ये मिर्ची फेंकनी पड़ती है, तो वहीं आपका काफी नुकसान भी होता है।

हरी मिर्च के लाल होने के कई सारे कारण हैं, और इस आर्टिकल में हम आपको कुछ ट्रिक्स बता रहे हैं जिनकी मदद से आप हरी मिर्च को लंबे समय तक हरा-भरा और ताजा बनाए रखने के लिए फॉलो कर सकती हैं।

### पेपर टॉवल का करें इस्तेमाल

हरी मिर्च को नमी और हवा दोनों से बचाना जरूरी है, ताकि ये लाल न हों। इसके लिए आप इन्हें एयरटाइट कंटेनर में पेपर टॉवल पर रखकर स्टोर करें। पेपर टॉवल अतिरिक्त नमी को सोखता है, साथ ही, बाहरी हवा और फ्रिज की ठंड से बचाता है। एयरटाइट कंटेनर में आप एक पेपर टॉवल रखें और इसके बाद इसमें बिनाडंठल वालीमिर्च रखें और ऊपर से भी एक पेपर टॉवल रखें और इसके बाद कंटेनर को कसकर बंद करके फ्रिज में रख लें।

### जिप-लॉक बैग का करें इस्तेमाल

मिर्च को हरा और फ्रेश रखने के लिए आपजिप-लॉक बैग का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। जिप-लॉक बैग में आप थोड़ा सा पेपर टॉवल डाल दें और इसके बाद इसमें मिर्च रखकर इस बैग को अच्छी तरह से बंद कर लें और इस बैग की हवा निकालकर इसे फ्रिज में स्टोर कर लें।

### इन बातों का भी रखें ध्यान

अगर आपकी हरी मिर्चों के साथ कुछ पीली या लाल मिर्च भी हैं तो इन्हें अलग कर लें, ताकि वे बाकी मिर्चों को खराब न करें।मिर्च हरी और ताजी रहे, इसके लिए फ्रिज का सही तापमान होना भी जरूरी है। ऐसा इसलिए क्योंकि कम तापमान की वजह से मिर्च खराब हो सकती हैं और ज्यादा तापमान होने से मिर्च जमने की वजह से खराब हो सकती है। इन आसान ट्रिक्स की मदद से आप हरी मिर्चों को लंबे समय तक ताज़ा और हरा बनाए रख सकती हैं।

## सावन में कुछ भी दान करने से पहले जान लें इसका प्रभाव



सावन का महीना भगवान शिव को समर्पित होता है और इस दौरान पूजा-पाठ के साथ दान का भी विशेष महत्व होता है। मान्यता है कि सावन में दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है और महादेव प्रसन्न होकर भक्तों की मनोकामनाएं पूरी करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि सावन के महीने में कुछ ऐसी चीजें भी होती हैं जिनका दान भूलकर भी नहीं करना चाहिए? अगर आप ऐसा करते हैं तो यह आपके लिए आर्थिक नुकसान का कारण बन सकता है और घर में दरिद्रता आ सकती है। अब ऐसे में इस दौरान किन चीजों का दान करने से बचना चाहिए। ज्योतिषाचार्य पंडित अरविंद त्रिपाठी इस बारे में विस्तार से बता रहे हैं।

### सावन माह में न करें लोहे का सामान दान

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सावन के महीने में लोहे का दान करने से शनि के अशुभ प्रभाव देखने को मिल सकते हैं। उनका नकारात्मक प्रभाव बढ़ सकता हैं। ऐसा माना जाता है कि लोहा दान करने से घर में दरिद्रता आ सकती है और आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। इस माह में अगर लोहे का दान किया जाए तो व्यक्ति के जीवन में समस्याएं बढ़ सकती है और अशुभता आ सकती है। इसलिए आप सावन माह में लोहे का सामान दान न करें।

### सावन माह में न करें धारदार वस्तुओं का दान

सावन का महीना प्रेम, सौहार्द और सकारात्मकता का प्रतीक है। इस दौरान किए गए दान का सीधा प्रभाव हमारे जीवन और रिश्तों पर पड़ता है। धारदार चीजों का दान करने से शिवजी अप्रसन्न हो सकते हैं। ऐसी मान्यता है कि इससे घर में नकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और परिवार के सदस्यों के बीच दूरियां बढ़ सकती हैं।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

पटेल बोरवेल्स
मोटर वाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7067183593

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर रुई गद्दा | टावेल तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रुई भंडार | निराकांरी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' की कट रही चांदी, दर्शकों के बीच अच्छा क्रेज



हालिया रिलीज हॉलीवुड फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' भारतीय दर्शकों को पसंद आई है। जुरासिक पार्क सीरीज की फ्रैंचाइज फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' का क्रेज भारतीय दर्शकों के बीच भी देखा जा रहा है। पिछले पांच दिनों में इस फिल्म ने हालिया रिलीज बॉलीवुड फिल्मों से अच्छा कलेक्शन किया है। अब तक प्राप्त शुरुआती आंकड़ों के अनुसार फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' ने 5वें दिन 2.77 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। फिल्म का कुल कलेक्शन भी 45.87 करोड़ रुपये हो चुका है। फिल्म ने पहले दिन भी लगभग 9.25 करोड़ रुपये से अपना खाता खोला था। वीकएंड पर तो इस फिल्म ने जबरदस्त कमाई की। शनिवार को 13.5 करोड़ रुपये और रविवार को 16.25 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। हॉलीवुड फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' ने 2.77 करोड़ रुपये कमाए तो वहीं 'मेट्रो इन दिनों' ने 1.92 करोड़ रुपये कमाए हैं। इसका मतलब है कि दर्शकों को हॉलीवुड फिल्म ज्यादा पसंद आ रही है। फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' की ऑडियंस की बात करें तो इस देखने बच्चे और बड़े दोनों आ रहे हैं। साथ ही 'जुरासिक पार्क' सीरीज की फिल्मों का अपना एक अलग ऑडियंस पहले से है। डायनासोर की दुनिया देखने का क्रेज फैंस के बीच हमेशा बना रहता है। फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' में स्कारलेट जोहानसन, माहेरशाला अली और जोनाथन बेली जैसे बड़े हॉलीवुड एक्टर्स हैं। फिल्म का कुल बजट 180 मिलियन डॉलर यानी करीब 1537 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। फिल्म में कमाल के वीएफएक्स हैं, जो फिल्म को मजेदार बनाते हैं। इस फिल्म के डायरेक्टर गैरेथ एडवर्ड्स हैं।

### टॉलीवुड

## पुरी - सेतुपति की फिल्म की शूटिंग शुरू तस्वीर के साथ की आधिकारिक घोषणा



विजय सेतुपति अपनी नई आगामी अनाम फिल्म की शूटिंग शुरू कर चुके हैं। इस फिल्म की शूटिंग शूरू की जानकारी के साथ फिल्म मेकर्स ने सोशल मीडिया हैंडल पर एक खास तस्वीर शेयर कर फैंस को खुष कर दिया है। मक्कल सेल्वन विजय सेतुपति ने जब निर्देशक पुरी जगन्नाथ के साथ एक प्रोजेक्ट को हरी झंडी दी तो हर कोई हैरान रह गया, जो हाल ही में फ्लॉप फिल्मों की वजह से मुश्किल दौर से गुजर रहे हैं। हाल ही में कलाकारों की घोषणा के साथ, तब्बू, संयुक्ता और विजय ने इस फिल्म को लेकर उम्मीदें आसमान छू ली हैं। पिछले महीने आयोजित पूजा समारोह के बाद, निर्माताओं ने अब हैदराबाद में विशेष रूप से बनाए गए सेट पर आधिकारिक तौर पर शूटिंग शुरू कर दी है। विजय सेतुपति और संयुक्ता के दृश्यों को एक व्यस्त शेड्यूल में शूट किया जा रहा है, जो कुछ हफ्तो तक जारी रहने की उम्मीद है। चार्मी कौर और पुरी जगन्नाथ के साथ मिलकर जेबी मोशन पिक्चर्स के जेबी नारायण राव कोंड्रोला सह-निर्माता के रूप में शामिल हुए हैं, जिससे इस परियोजना का दायरा और भी बढ़ गया है और यह एक अखिल भारतीय उद्यम बन गया है। आज से शूटिंग चालू होने के साथ, प्रशंसक आने वाले दिनों में नियमित अपडेट और रोमांचक खुलासे की उम्मीद कर सकते हैं।

### भोजपुरी


## मंजुल के निर्देशन में 'परिणय सूत्र' की प्रतापगढ़ में चल रही जोर-शोर से शूटिंग



भोजपूरी निर्देशक मंजुल ठाकुर की 'परिणय सूत्र' की शूटिंग उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ के पास पास जोर शोर से चल रही है। निर्माता संदीप सिंह और मंजुल ठाकुर तथा लेखक अरविंद तिवारी की आद्या फिल्म्स एन्टरटेनमेंट के बैनर तले बनने वाली इस फिल्म के एसोसिएट डायरेक्टर पार्थ मिश्रा है। निर्देशक मंजुल ठाकुर ने बताया कि सन 1970 के दशक की फिल्म बन रही है। उस समय के रहन सहन, खान पान व अन्य सभी प्रकार की छोटी से छोटी चीजों को शूट के समय बहुत ही बारीकी से व सोच समझकर ध्यान देना पड़ रहा है। यह एक शुद्ध पारिवारिक फिल्म है। इस फिल्म को दर्शकों को देखने में एक अलग ही आनंद आयेगा इसके साथ ही आज के दौर के लोगों को उस समय के कल्चर व परिवेश व संस्कृति को जानने का अवसर प्रदान होगा। फिल्म के निर्माता संदीप सिंह ने कहा कि इस फिल्म से आज के दौर के लोगों को उस समय के कल्चर, व परिवेश की जानकारी मिलेगी। फिल्म की नायिका रानी चटर्जी व तनुश्री, नायक राकेश बाबू, प्रशांत सिंह के साथ ललित उपाध्याय, श्रीमती विद्या सिंह, अशोक गुप्ता, नीलम सिंह,रामनरेश श्रीवास्तव, शमशीर सिवानी, धीरेन्द्र धर्मा,श्रीमती रीमा,श्रीमती रिंकू आयुषी, श्रीमती अंजु रस्तोगी, श्रीमती बबिता, रंजीत सिंह और आदर्श ने मुख्य भूमिकाएं निभाई है। बाल कलाकार के रूप मे ढोलू यादव, दीक्षा एवं गोकुल, आरजू ने बेहतरीन अभिनय कर अमिट छाप छोडी है। फिल्म के कैमरामैन इमरान शगुन, एसोसिएट डायरेक्टर पार्थ मिश्रा, सहायक निर्देशक अमृतराज, सूरज वर्मा, पियुष उपाध्याय एवं प्रोडकशन मैनेजर रौशन एवं सहायक प्रोडकशन मैनेजर सोनू एवं आर्ट डायरेक्टर नाजिर है।

## कीट-पतंगों की फिक्र

डच डिज़ाइनर आइरिज वैन हर्पेन अपने भविष्यवादी और प्रयोगात्मक डिज़ाइनों के लिए जानी जाती है। उनके डिजाइन पारंपरिक सिलाई के तरीकों को आधुनिक तकनीकों के साथ जोड़ते हैं। उनके कुछ डिज़ाइनों में गॉथिक और डार्क प्रभाव हैं। यहां पर्यावरण की फिक्र करती उनकी नई डिजाइन कीट-पतंगों पर आधारित है, जिसे मॉडल ने न्यूयार्क फैशन वीक में पेश किया।





लाइफ स्टाइल

## बालों में भिंडी लगाने के हैं कई फायदे,जरूर इस्तेमाल करें

लंबे-घने और मजबूत बालों की चाहत तो हर किसी को होती है, लेकिन प्रदूषण और खराब खान-पान की वजह से ऐसा होना संभव नहीं हो पाता। ऐसे में लोग बालों को मजबूत बनाने के लिए महंगे-महंगे हेयर केयर प्रोडक्ट इस्तेमाल करते हैं, और हेयर ट्रीटमेंट लेते हैं। यदि आप भी उन लोगों में से जो लंबे बाल तो पाना चाहते हैं, लेकिन पैसा ज्यादा खर्च नहीं करना तो इस लेख को अंत तक पढ़ें। यहां हम आपको न सिर्फ बालों में भिंडी लगाने का तरीका बताएंगे, बल्कि इसके फायदे भी गिनाएंगे, ताकि आप बिना पैसे खर्च किए भी अपने बालों को खूबसूरत बना सकें।

### ऐसे करें इस्तेमाल

सबसे पहले भिंडी को बालों पर इस्तेमाल करने का सबसे आसान तरीका जान लें। इसके लिए आपको सबसे पहले भिंडी के टुकड़ों को पानी में उबालना है। इसके बाद इस पानी को ठंडा कर लें और बालों को धोने के बाद इस पानी से बालों पर अप्लाई करें। इसके बाद सिर्फ पानी से बालों को धो लें औऱ इसका असर देखें। यहां हम आपको इसके फायदे भी बताने जा रहे हैं।

### बालों में होगी ग्रोथ

यदि आप भिंडी को बालों पर इस्तेमाल करेंगे तो इससे बालों की लंबाई में इजाफा होगा। दरअसल, बालों में विटामिन ए, सी, और के होता है, जो बालों को जड़ से मजबूत बनाता है। इसकी वजह से ही नये बाल भी निकलते हैं, इसलिए भिंडी का इस्तेमाल बालों में करते रहें।

### रूखापन होगा कम



अगर आपके बाल काफी ज्यादा ऑयली हैं तो भी अपने बालों में भिंडी का इस्तेमाल करें। इसमें पाए जाने वाले मॉइश्चराइजिंग गुणों की वजह से बाल धीरे-धीरे मुलायम होने लगते हैं। इससे उन लोगों को काफी लाभ मिलता है, जिनके बाल देखने में बेजान लगते हैं।

### स्कैल्प के लिए फायदेमंद

भिंडी के नियमित इस्तेमाल से आपको स्कैल्प में काफी फायदा मिलने वाला है। दरअसल, इसमें पाए जाने वाले एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इन्फ्लेमेटरी गुण सिर की त्वचा को साफ करते हैं, जिससे खुजली, रूसी और कई अन्य दिक्कतों से राहत मिलती है।

### बालों बनेंगे शाइनी


भिंडी के बालों में नियमित इस्तेमाल से बाल धीरे-धीरे शाइनी बनने लगेंगे। दरअसल, विटामिन C के साथ-साथ एंटीऑक्सिडेंट्स तत्व भी होते हैं, जो बालों को चमकदार और स्वस्थ बनाते हैं। ये बालों में नेचुरल शाइन डालता है, जिससे बाल अधिक सुंदर दिखते हैं।

## मानसून के महीने में ट्राई करें इस तरह के कॉटन श्रग, दिखेंगी खूबसूरत





अगर आप भी इस साल मानसून में कुछ नया ट्राई करने का सोच रही है, तो आपको कुछ ऐसे कॉटन श्रग के डिजाइन के बारे में जानना चाहिए, जिन्हें ट्राई कर आप अपनी खूबसूरती को और बढ़ा सकती हैं। बरसात का मौसम शुरू हो गया है और ऐसे मौसम में अधिकतर लड़कियां आरामदायक कपड़े पहनना पसंद करती हैं। अगर आप भी इस साल मानसून में कुछ नया ट्राई करने का सोच रही है, तो कॉटन श्रग जरूर अपनाएं।



### क्वाटर स्लीव शिफॉन ओपन फ्रंट श्रग

अपनी खूबसूरती में चार चांद लगाने के लिए और भीड़ से हटकर दिखने के लिए आप इस मानसून के सीजन में इस तरह के खूबसूरत क्वाटर स्लीव शिफॉन ओपन फ्रंट श्रग को पहनकर अपने लुक को स्टाइलिश और एलिगेंट टच दे सकती हैं। इस तरह का श्रग आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल जाएगा। इन्हें आप स्लीवलेस टॉप के साथ शामिल कर अपने लुक को गॉर्जियस बना सकती हैं।



### व्हाइट एंड पिंक प्रिंटेड लॉन्गलाइन टाई-अप श्रग

अगर आप मानसून से मौसम में अपने लुक से सभी का दिल जीतना चाहती हैं, तो अब एक जैसे आउटफिट पहनने के बजाय आप इस तरह के खूबसूरत व्हाइट एंड पिंक प्रिंटेड लॉन्गलाइन टाई-अप श्रग को ट्राई कर सकती हैं। ऐसे श्रग न सिर्फ आपको स्टाइलिश लुक देंगे, बल्कि इसे पहनकर आप कम्फर्टेबल रहेंगी। इस तरह के श्रग आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह मिल सकते हैं।

### मल्टी कलर स्ट्रिप लॉन्ग कॉटन श्रग

अगर आप भीड़ से हटके लुक क्रिएट करना चाहती हैं और इस बरसात के मौसम में कहीं घूमने का प्लान कर रही हैं, तो ट्रिप पर जाने से पहले आप इस तरह के खूबसूरत मल्टीकलर स्ट्रिप लॉन्ग कॉटन श्रग को अपने सूटकेस में रख सकती हैं। ऐसे श्रग आपको मॉडर्न और क्लासी टच देने में बहुत मदद करेंगे। आप इन्हें भी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती हैं।

## बर्फ से कीजिए डार्क सर्कल को गायब

नींद की कमी, थकान, खराब खान-पान और हमेशा मोबाइल-लैपटॉप के इस्तेमाल का असर अब लोगों के शरीर पर दिखने लगा है। दरअसल, इन सभी की वजह से अब लोगों का न सिर्फ स्वास्थ्य खराब हो रहा है, बल्कि इसकी वजह से आंखों के नीचे काले घेरे भी आने लगे हैं, जिनकी वजह से चेहरा काफी अजीब दिखने लगता है।

अगर शुरुआती दिनों में इन डार्क सर्कल का इस्तेमाल न किया जाए तो ये दिन ब दिन और गहरे होते जाते हैं, जिस कारण चेहरा अजीब लगता है। कई लोगों को आपने ये कहते सुना होगा कि इन काले घेरों को आइस क्यूब खत्म कर सकता है। इस बात में कितनी सच्चाई है, हम आज इसी बारे में बात करेंगे। यहां हम आपको न सिर्फ ये सच्चाई बताएंगे, बल्कि इसके इस्तेमाल का तरीका भी समझाएंगे।

### ये कितना है असरदार ?

सबसे पहले जानते हैं कि क्या बर्फ का असर काले घेरों पर होता है ? तो इसका जवाब है कि हां आइस थेरेपी से काले घेरे काफी हद तक कम हो सकते हैं। ये नहीं कहा जा सकता है कि इससे डार्क सर्कल एकदम खत्म हो जाएंगे, लेकिन हां इसका असर होता है।



### ये कितना है असरदार ?

ऐसा इसलिए क्योंकि काले घेरों पर आइस क्यूब लगाने से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है, जिससे स्किन टोन सुधरती है। इसके इस्तेमाल से आंखों की पफीनेस भी कम होती है, जिससे आंखें खूबसूरत दिखती हैं। अब जानते हैं कि आइस क्यूब को किन तरीकों से डार्क सर्कल पर इस्तेमाल किया जा सकता है।

### पहला तरीका

बात करें पहले तरीके की आप बर्फ के टुकड़े को सीधा आंखों के नीचे लगा सकते हैं इसके लिए एक साफ कॉटन कपड़े या मुलायम रुमाल में लपेट लें। अब इशे हल्के हाथों से आंखों के नीचे एक से 2 मिनट तक घुमाएं। आप ऐसा दिन में दो बार कर सकते हैं।

## सावन शुरू होते ही पहनें ये डेली वियर पायल के नए डिजाइन

सावन का महीना शुरू होने वाला है और इस महीने में अधिकतर महिलाएं अपनी खूबसूरती से सभी का दिल जीतने के लिए कई प्रयास करती हैं। वे आउटफिट से लेकर एक्सेसरीज तक हर एक चीज मैच कर पहनना पसंद करती हैं। ऐसे में अगर आप भी इस साल सावन के महीने में अपने लुक को डिफरेंट और एलिगेंट बनाना चाहती है, तो यह खबर आपके लिए बेस्ट हो सकती है। आज हम आपको कुछ ऐसे पायल डिजाइन बताएंगे, जिन्हें आप सावन के महीने में पहनकर अपने पैरों की खूबसूरती को बढ़ा सकती है।



### रोडियम प्लेटेड पायल

सावन के महीने में अगर आप डेली वियर में पहनने के लिए पायल डिजाइन तलाश रही है, तो आप इस खूबसूरत रोडियम प्लेटेड पायल को अपने पैरों में पहनकर अपने पैरों की खूबसूरत में चार चांद लगा सकती हैं। इस तरह के पायल को आप चांदी में सुनार के यहां बनवा सकती हैं या ऑनलाइन भी खरीद सकते हैं। इसे आप ट्रेडिशनल से लेकर एथनिक आउटफिट तक किसी भी ऑटफिट के साथ पहन सकती हैं।

### सिल्वर प्लेटेड एंकलेट

सावन के महीने में अगर आप सोलह श्रृंगार करती हैं, तो अपने श्रृंगार में इस खूबसूरत सिल्वर प्लेटेड एंकलेट डिजाइन को भी शामिल कर सकती हैं। ऐसे पायल इन दिनों बेहद चर्चा में है, जो अधिकतर लड़कियों को बेहद पसंद होते हैं। ऐसे पायल आपके पैरों की खूबसूरती को बढ़ाने में भी मदद करेंगे। इस तरह के पायल को आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों जगह से खरीद सकती है।आप चाहे तो सावन के महीने में डेली वियर में पहनने के लिए इस खूबसूरत सिल्वर प्लेटेड स्टोन एंकलेट को भी ट्राई कर सकती हैं।

कार्नर न्यूज

### हेल्दी स्किन के लिए मेंस फैशन में मौजूद है कई विकल्प

## त्वचा से जुड़ी बहुत सी दिक्कतों को इग्नोर कर देते हैं ज्यादातर लड़के, इन उपायों पर भी दीजिए ध्यान

जिस तरह से लंबे जीवन के लिए अच्छा स्वास्थ्य होना जरूरी है, ठीक उसी तरह से खूबसूरत और ग्लोइंग त्वचा के लिए हेल्दी स्किन होना बेहद आवश्यक है। ऐसे में लोग ग्लोइंग त्वचा पाने के लिए तमाम स्किन केयर प्रोडक्ट इस्तेमाल करते हैं और तरह-तरह के स्किन केयर ट्रीटमेंट लेते हैं। अपनी त्वचा का खास ध्यान लड़कियां तो खूब अच्छे से रख लेती हैं, लेकिन लड़के इस मामले में थोड़ा आलसी माने जाते हैं। इसी के चलते ज्यादातर लड़के न तो स्किन केयर करते हैं, बल्कि वो तो त्वचा संबंधी दिक्कतों को इग्नोर भी कर देते हैं। यहां हम आपको कुछ ऐसी ही दिक्कतों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें ज्यादातर लड़के पूरी तरह से इग्नोर कर देते हैं।

### मुंहासे

गंदगी की वजह से अक्सर चेहरे पर मुंहासे निकल जाते हैं, जिनस सही समय पर इलाज करना बेहद जरूरी है। अगर इनका सही से इलाज न किया जाए तो ये फैलन जाते हैं और चेहरे पर दाग छोड़ जाते हैं। ऐसे में



अगर आपके चेहरे पर एक भी मुंहासा दिख रहा है तो तत्काल प्रभाव से उसका इलाज करें, ताकि आकी दिक्कत ज्यादा न बढ़ जाए।

### ड्राई स्किन

जब मौसम बदलता है तो स्किन में कुछ बदलाव अवश्य आता है। खासतौर पर ज्यादातर लोगों की स्किन बदलते मौसम में रूखी हो जाती है। जब त्वचा फटने लगती है तो इसपर खुजली होती है। नेचुरल ऑयल की कमी से स्किन जल्दी बूढ़ी दिखने लगती है। इसलिए मौसम बदलने की शुरुआत होते ही स्किन पर अच्छा मॉइश्चराइजर का इस्तेमाल करना शुरू करें। इससे आपकी स्किन की नमी बरकरार रहेगी।

### टैनिंग

लड़कियां तो बार-बार सनस्क्रीन का इस्तेमाल कर लेती हैं, लेकिन लड़कों को इसमें बड़ा आलस आता है। दरअसल, धूप में निकलने से स्किन जल जाती है या काली पड़ जाती है। अगर इस दिक्कत से बचना चाहते हैं तो कम से कम 50 एसपीएफ की सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें, ताकि आपकी त्वचा का रूखापन आपको परेशान न करें।

### डार्क सर्कल्स

अक्सर लोगों को लगता है कि डार्क सर्कल्स सिर्फ थकान की वजह से होते हैं, जबकि ऐसा नहीं है। ये कई कारणों से होते हैं। ऐसे में शुरुआती दिनों में ही इसका ध्यान रखें। आजकल बाजार में तमाम तरह की अंडर आई क्रीम आती हैं जो त्वचा के लिए काफी लाभयादक रहती हैं।

### डैंड्रफ

सिर की त्वचा पर जब रूखापन बढ़ जाता है तो डैंड्रफ की समस्या सामने आती है। ऐसे में या तो रूसी हटाने वाले शैंपू का इस्तेमाल करें। अगर ये नहीं है तो घरेलू नुस्खों का इस्तेमाल कर सकते हैं। जैसे कि दही रूसी हटाने में काऱी कारगर माना जाता है।

